डाक पंजीयन सं. जयपुर सिटी/101/2020-22

वर्ष : 09 >अंक : 22 >मूल्य: 10 रुपए >पृष्ठ : 08

साप्ताहिक समाचार | मीडिया दृष्टिकोण

# हिलव्यू समाचार

ग़लत काम के ग़लत नतीजे होते हैं।
-शालिनी श्रीवास्तव

जयपुर, सोमवार, 28 नवम्बर 2022

R.N.I. No. RAJHIN/2014/56746

website: www.hsnews.in

## नकली हिंदुत्व की आड़ में गोवर्धनपुरी गलतागेट में धड़ल्ले से जारी है अवैध निर्माण

### दिन दहाड़े हो रहे अवैध निर्माण को नकार रहा है नाकारा शासन और प्रशासन



*अतिक्रमणकारी साधु सियारामदास, कनकबिहारी मंदिर, गलता गेट, जयपुर*





**21/11/22 बजरी बड़ा ट्रक (22 चक्का) रेती खाली करते हुए।**
साधु सियारामदास द्वारा अवैध निर्माण चरम पर। 21 नवम्बर 2022 का फ़ोटो से साफ़ ज़ाहिर। अवैध निर्माण जारी। ट्रक से गिट्टी, सीमेंट, सरिया आदि निर्माण सामग्री लगातार आ रही है।

### जाँच कमेटी का नाटक, गार्ड बैठाने की झूठी नौटंकी कर लगातार पल्ला झाड़ रहे आयुक्त विश्राम मीणा और उपायुक्त सुरेश राव नगर निगम हैरिटेज



*विश्राम मीणा, आयुक्त नगर निगम हैरिटेज, जयपुर*



*सुरेश राव, उपायुक्त आदर्शनगर जोन, नगर निगम हैरिटेज, जयपुर*

**शालिनी श्रीवास्तव**

**जयपुर**। ज़रा सा भवन नियम के विरुद्ध कोई आम आदमी या गरीब आदमी अवैध निर्माण करके देख ले उसके घर से गैंती फावड़े उठा ले जाते हैं निगम कर्मचारी लेकिन रसूखदार प्रभावशाली लोग पूरा का पूरा अवैध महल खड़ा कर देते हैं तो भी निगम के कान पर जूं नहीं रैंकती।

शासन और प्रशासन की मिलीभगत ने शहर अतिक्रमणों और अवैध निर्माणों को पालपौस रखा है। स्वयं नए डीजीपी उमेश मिश्रा ने भी अपने पद संभालते ही पुलिस प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा था कि 'अवैध निर्माण और अतिक्रमण को सहयोग देना बंद करें थानाधिकारी!' स्वयं मुख्यमंत्री अशोक गहलोत इसके विरुद्ध बोलते नज़र आये हैं लेकिन अवैध निर्माणों और अतिक्रमणों की झड़ी झँझड़ी के झाड़ की तरह बढ़ती ही जा रही है।

वार्ड पार्षद, स्थानीय विधायक, प्रशासनिक अधिकारी, कर्मचारी सब लिप्त हैं इस गोरखधंधे में। जिसने ज़रा चूं की उसका स्थानांतरण हो जाता है इसी भय से कोई अधिकारी कर्मचारी सरकार के इन वाशिंदों अर्थात पार्षद ,विधायकों और मंत्रियों के विरुद्ध क़दम नहीं उठाते।

हिंदुत्व भड़काकर साधु सियारामदास जैसे बाहरी तत्त्व जयपुर शहर यानी राजधानी में आकर 2000 के लगभग वर्गगज ज़मीन पर कब्ज़ा कर रहा है सबसे बड़ी बात वह ज़मीन जिस पर वह अब तक दोमंज़िला अवैध निर्माण कर चुका वह जेडीए द्वारा राजकीय बालिका विद्यालय के लिए आवंटित भूमि है। उसमें नकली शिलालेख 2005 के लगवाकर वह उस निर्माण को पुराना घोषित करने में लगा है। उसे कनकबिहारी मंदिर की जगह बता रहा है और तो आने वाले सप्ताह में इस निर्माण को वैध बताने के षड़यंत्र के चलते भव्य हवन का आयोजन करने जा रहा है। इसी की आड़ में वह लगातार भवन वेदियां बना रहा है और शासन-प्रशासन की जेबें वह गर्म कर चुका है। बड़े शर्म की बात है कि एक बाहरी बिहारी साधु ने स्थानीय विधायक रफ़ीक़ ख़ान,पार्षद संतोष कवंर,उप महापौर असलम फ़ारुखी, गलतागेट थानाधिकारी भगवानसहाय,अनुसंधान अधिकारी सुनील प्रसाद शर्मा सबको खरीद लिया है क्योंकि इनमें से कोई भी इस अवैध निर्माण के विरुद्ध कोई आवाज़ उठाने की हिम्मत या कार्यवाही नहीं कर रहा। सबके नाक,कान,आँख बंद हैं और हाथ बँध गए हैं।







बालिका विद्यालय की ज़मीन को हड़पने के लिए नकली हिंदुत्व फैलाकर आगामी माह में भव्य यज्ञ करवाने के लिए हवन वेदियाँ बनते हुए। जबकि सियारामदास ने अदालत में कहा कि वो कोई निर्माण नहीं कर रहा।



महायज्ञ का माहौल बनाने के लिए यज्ञ वाहन यात्रा की तैयारी।



**अनुसंधान अधिकारी सुनील प्रसाद शर्मा एसीपी रामगंज थाना की गतिविधियाँ संदिग्ध:** SC/ST एडीजे कोर्ट के माध्यम से गलतागेट थाना में राकेश मीणा द्वारा दर्ज की FIR की जाँच सुनील प्रसाद शर्मा एसीपी रामगंज थाना को सौंपी गई है लेकिन अनुसंधान अधिकारी सुनील प्रसाद शर्मा पहले से FIR में दर्ज आरोपी राममनोहर के संपर्क आ रहे हैं। उनके साथ जलपान कर रहे हैं । आख़िर एक अनुसंधान अधिकारी की भूमिका इतनी संदिग्ध क्यों हो रही हैं?



*रफ़ीक़ ख़ान, विधायक आदर्श नगर, विधानसभा जयपुर*



*मुनेश गुर्जर हैरिटेज की महापौर बनकर बैठीं हैं लेकिन इनकी निष्क्रिय और निराधार कार्यशैली से पूरा निगम परेशान है ऐसे में गलतागेट गोवर्धनपुरी के मामले में इनसे कोई उम्मीद नहीं की जा सकती।*



लगातार एक ही विभाग के मंत्री बनना और उस विभाग में सिर्फ़ और सिर्फ़ भ्रष्टाचार, अत्याचार,अतिक्रमण और अवैध निर्माण होना शांति धारीवाल यूडीएच मंत्री की कार्य प्रणाली को दर्शाता है।

## ख़बर- बेख़बर

### सरकार की करोड़ों की ज़मीन कौड़ियों में उपलब्ध



**सेक्टर 02 जवाहर नगर में निगम हैरिटेज की करोड़ों की ज़मीन पर चल रही अवैध प्राइवेट पार्किंग**

**वार्ड 93 के सेक्टर 02 में सार्वजनिक पार्क के पास नगर निगम हैरिटेज की करोड़ों की ज़मीन पर स्थानीय कुछ प्रभावशाली लोगों ने पार्षद नीरज अग्रवाल के साथ मिलकर प्राइवेट पार्किंग की आड़ में कब्ज़ा कर लिया है। हिलव्यू समाचार की टीम ने इसकी पड़ताल की तो कुछ तथ्य सामने आए-**

- स्थानीय कुछ लोगों के पास एस्ट्रा कार है जिसकी पार्किंग के लिए इस जगह को प्राइवेट पार्किंग में बदल दिया गया है।
- 300 रुपये प्रतिमाह में सेक्टर 02 के लोग यहाँ कार पार्क करते हैं।
- इस अवैध प्राइवेट पार्किंग में 02 गार्ड दिन व रात के लिए लगाए गए हैं।
- प्रत्येक गार्ड की तनख़्वाह 10,000 यानी दस हज़ार है।
- निगम की इस ज़मीन पर चल रही इस अवैध प्राइवेट पार्किंग में गाड़ी धोने के चार्जेज़ अलग हैं।
- कोई भी बाहरी व्यक्ति यहाँ कार बिना अनुमति के खड़ी नहीं कर सकता।

क्या सरकार की यह संपति पार्षदों, विधायकों या प्रभावशाली लोगों के लूटने के लिए लावारिस छोड़ दी जाती हैं। आदर्शनगर ज़ोन उपायुक्त के संज्ञान में यह अवैध प्राइवेट पार्किंग का मुद्दा ला दिया गया है और पुनः स्मरण में लाया जाएगा।

## आम नागरिक राकेश मीणा ने सरकारी संपत्ति बचाने के लिये सरकारी नौकरी से दिया इस्तीफ़ा

### आश्चर्य का केंद्र...

गोवर्धनपुरी गलतागेट के स्थानीय निवासियों के साथ राकेश आमजन लगातार शासन प्रशासन को इस अवैध निर्माण के लिए चेता रहे हैं। एकतरपु थाना-कचहरी तक की लड़ाई स्थानीय निवासी और राकेश लड़ रहे हैं वहीं दूसरी तरफ बालिका शिक्षा के लिए आवंटित भूमि, नकली हिंदुत्व की आड़ लेकर विधायक रफ़ीक़ ख़ान के सहयोग से साधु सियारामदास करोड़ों की ज़मीन मंदिर के नाम पर हड़प रहा है। राष्ट्र की संपत्ति के लिए लगातार लड़ रहे राकेश व स्थानीय निवासी अतिक्रमणकारियों के लिए चुनौती बनकर उभरे हैं। राजस्थान पुलिस की सरकारी सेवा से राकेश मीणा इस्तीफा सरकार को दे चुके हैं और अब पूरी कर्म आहुति के साथ शिक्षा हेतू आवंटित सरकारी संपति को बचाने के लिए युद्ध के मैदान में कूद चुके हैं।









## वार्ड 93 पार्षद नीरज अग्रवाल और वार्ड 94 पार्षद घनश्यामदास चंदलानी की मिलीभगत से लगातार जारी है अवैध निर्माण

## विधायक रफ़ीक़ ख़ान से मिल रहा सहयोग

**हिलव्यू समाचार**

**जयपुर**। आदर्शनगर राजपार्क में लगातार अवैध निर्माण बढ़ रहे हैं क्योंकि इसके वार्ड 93 व 94 के पार्षदों ने हिस्सेदारी ले ली है और तो और मालिक बने बैठे हैं इन बहुमंज़िला बिल्डिंग्स के जो लगातार बन रही हैं बिना सेटबैक छोड़े,बिना भवन नियमों के और तो और बिना निगम की अनुमति के। नक्शा,पत्रावली,आवंटन पत्र,निर्माण स्वीकृति का कोई अता-पता नहीं। पार्षदों के हौसले बुलंद हैं स्थानीय विधायक रफ़ीक़ ख़ान के सहयोग से।

आदर्शनगर जोन के उपायुक्त सुरेश राव ने हिलव्यू समाचार की डिजिटल ख़बर में उजागर अवैध बिल्डिंग 4 म 46 को गत सप्ताह सीज कर दिया अब देखना ये हैं कि इन अवैध निर्माणों पर कब कार्यवाही होती है?



*सिंधी कॉलोनी, समाचार पत्र का विज्ञापन लगाकर अवैध बिल्डिंग को वैध नहीं बनाया जा सकता!*



*राम गली 06 प्लॉट न.88 आदर्शनगर राजापार्क जयपुर*



*जवाहर नगर में बिना नेम प्लेट और नंबर की अवैध बिल्डिंग*

*पार्षद नीरज अग्रवाल की गत सप्ताह सीज गयी बिल्डिंग 4 म 46 जवाहरनगर आदर्शनगर, जयपुर*



*अगले अंक में होंगे कई अवैध बिल्डिंग्स व अतिक्रमणों के खुलासे...*

## सम्पादकीय

# कब सज़ा पाएंगे मुंबई हमले के दोषी

## मुख्य साज़िशकर्ता सीमा पार हैं सुरक्षित, पाक पर लगातार दबाव बनाने की आवश्यकता



14 साल पहले मुंबई में जो कुछ हुआ, उसे भूला नहीं जा सकता। यह एक ऐसा आतंकी हमला था, जिसने भारत की आर्थिक राजधानी मुंबई के अंतर्मन को हिला देने के साथ पूरे देश और दुनिया को दहला दिया था। इस आतंकी हमले में शामिल एक आतंकी अजमल कसाब को फांसी दी जा चुकी है, लेकिन मुख्य साजिशकर्ता अभी भी सीमा पार सुरक्षित हैं। प्रश्न है कि आतंक के ये आका आखिर कब तक खैर मनाएंगे?

नया भारत इतना सक्षम है कि इन आतंकियों को मुंहतोड़ जवाब दे सके। इसकी एक बानगी उस वक्त भी देखने को मिली थी, जब भारत ने उड़ी और पुलवामा हमलों का जवाब पाकिस्तान में मौजूद आतंकी शिविरों पर सर्जिकल और एयर स्ट्राइक करके दिया था। इस सबके बावजूद आज का ज्वलंत सवाल यह है कि मुंबई हमले के गुनहगार आखिर कब सजा पाएंगे? कड़वी यादें कष्ट देती हैं, लेकिन चोट चूंकि भारत के आत्मा को लगी थी, इसलिए इस हमले की साजिश रचने वालों को न भूला जाना चाहिए, न माफ किया जाना चाहिए।

साल 2008 में 26 नवंबर की रात वह तारीख थी जब लश्कर-ए-तोइबा के आतंकियों ने मुंबई पर हमला किया था। मुंबई के दो फाइव स्टार होटलों, अस्पताल, रेलवे स्टेशनों और यहूदी केंद्र को निशाना बनाया गया था। आतंकियों ने लियोपोल्ड कैफे, छत्रपति शिवाजी टर्मिनस, ओबेराय होटल, ताजमहल होटल, कामा अस्पताल और नरीमन हाउस पर योजनाबद्ध तरीके से हमला किया था। इन हमलों में 160 से अधिक लोग मारे गए थे, जिनमें कई विदेशी नागरिक भी थे। भारत के जांबाज रक्षकों ने मुंबई हमले में शामिल दस आतंकियों में नौ को मार गिराया था।

अजमल आमिर कसाब नाम का एक आतंकी जिंदा पकड़ा गया था। उसके खिलाफ ट्रायल चला और उसे फांसी दी गई। इस हमले के मुख्य साजिशकर्ता साजिद मीर, हाफिज सईद, जकीउर रहमान लखवी आज भी पाकिस्तान में खुलेआम घूम रहे हैं। साजिद मीर और हाफिज सईद भारत के सबसे वांछित आतंकवादियों में से हैं। इस बात के पुख्ता सुबूत सामने आ चुके हैं कि ये मुंबई हमलों के मुख्य साजिशकर्ता हैं।

इसके बाद भी बीते सितंबर में चीन ने साजिद मीर को ब्लैक लिस्ट करने के संयुक्त राष्ट्र के प्रस्ताव पर वीटो की ताकत से रोक लगा दी थी। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की 1267 अल-कायदा प्रतिबंध समिति के अंतर्गत साजिद मीर को वैश्विक आतंकी घोषित कर उसे प्रतिबंधित करने की कवायद चीन की वजह से आगे नहीं बढ़ पाई। अमेरिकी एजेंसी एफबीआई पहले ही साजिद मीर को मोस्ट वांटेड आतंकी घोषित कर चुकी है और उस पर 50 लाख डालर का इनाम रखा है। अमेरिका ने हाफिज सईद पर भी 10 लाख डालर का इनाम रखा है।

पिछले महीने यानी अक्टूबर में मुंबई के उसी ताज होटल में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सभी 15 सदस्य देशों की एक बैठक हुई थी, जिसे 14 साल पहले आतंकियों ने निशाना बनाया था। इस बैठक में आतंकियों के खिलाफ सुरक्षा परिषद की नाकामी को भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बड़े सधे हुए शब्दों में सामने रखा था। जयशंकर ने बैठक के दौरान कहा था कि मुंबई आतंकी हमलों के मुख्य साजिशकर्ताओं को अब भी पड़ोसी देश में संरक्षण प्राप्त है और उन्हें दंडित नहीं किया गया है।

जयशंकर ने बैठक में मौजूद सुरक्षा परिषद के सदस्य देशों को आईना दिखाते हुए कहा था कि आतंकवादियों पर प्रतिबंध लगाने के कुछ मामलों में राजनीतिक कारणों की वजह से कार्रवाई नहीं हो सकी। उन्होंने साफ तौर पर चीन की कारगुजारियों के संदर्भ में यह बात कही थी। जाहिर तौर पर वह दुनिया को यही बता रहे थे कि कैसे चीन पाकिस्तानी आतंकवादियों पर प्रतिबंध लगाने के सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों पर रोड़ा अटका रहा है।

जयशंकर ने दुनिया के सामने साफ किया कि भारत दशकों से आतंकवाद से जूझ रहा है, लेकिन इससे उसकी प्रतिबद्धता न तो कमजोर हुई है और न हो पाएगी। उन्होंने आह्वान किया कि आतंकवाद से निपटने के लिए सभी देशों को राजनीतिक मतभेदों को दूर रखना होगा। बड़ी बात यह थी कि कार्यक्रम में चीन के वाणिज्य दूतावास के उप महावाणिज्य दूत वांग यानहुआ भी थे। मजबूरी में उन्हें भी कहना पड़ा कि आतंकवाद सरहद नहीं मानता और इससे मुकाबले के लिए देशों को साथ आना चाहिए।

पाकिस्तान की मौजूदा राजनीतिक एवं आर्थिक स्थिति को देखते हुए भारत को निरंतर पाकिस्तान को चारों तरफ से घेरने की आवश्यकता है। हाल में पाकिस्तान को फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स यानी एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट से हटाया गया है, जो कि भारत के लिए चिंता का विषय है। वक्त की मांग यह है कि एफएटीएफ की निगरानी पाकिस्तान पर सदैव बनी रहे, क्योंकि वह आतंकवाद का प्रमुख केंद्र है। इसी के साथ संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में वीटो सिस्टम में एक महत्वपूर्ण बदलाव की भी जरूरत है। हालांकि यह कठिन काम है, परंतु निरंतर सक्रियता दिखाने की आवश्यकता है, ताकि राजनीतिक कारणों से चीन जैसे राष्ट्र आतंकवाद जैसे गंभीर विषय पर अवरोध न उत्पन्न कर सकें। **भारत को बहुआयामी रणनीति का सहारा लेते हुए राजनीतिक एवं आर्थिक बहुपक्षीय संगठनों एवं समर्थक देशों के माध्यम से पाकिस्तान पर लगातार दबाव बनाने की आवश्यकता है। चूंकि सब मानते हैं कि आतंकवाद सरहद नहीं मानता, इसलिए आतंकवाद से प्रभावित एवं आतंकवाद विरोधी देशों को मजबूती के साथ एकजुट होना होगा। इसके लिए भारत को निरंतर रणनीतिक एवं कूटनीतिक प्रयास करने होंगे।**

---

### THREE चीयर्स

यामी गौतम



जन्म- 28 नवंबर
उम्र-33 वर्ष

- पहली फिल्म-विकी डोनर
- हिट फिल्म- बदलापुर, काबिल, बत्ती गुल मीटर चालू , उरी द सर्जिकल स्ट्राइक

ईशा गुप्ता



जन्म- 28 नवंबर
उम्र- 36 वर्ष

- पहली फिल्म- जन्नत 2

हिट फिल्म- राज़ 3डी, हम शक्लस, बेबी, रुस्तम, कमांडो 2,बादशाहो, टोटल धमाल.

प्रतीक बब्बर



जन्म- 28 नवंबर
उम्र- 35 वर्ष

- पहली फिल्म-जाने तू या जाने ना

हिट फिल्म- आरक्षण, बागी 2, मुल्क

### मेलोडी SONG

- फिल्म का नाम- लव स्टोरी (1981)
- गायक- लता मंगेशकर, अमित कुमार
- गीतकार- आनंद बक्शी
- संगीतकार- राहुल देव बर्मन



देखो मैंने देखा है ये एक सपना
फूलों के शहर में है घर अपना
क्या समां है तू कहाँ है
मैं आई आई आई आई आजा…
कितना हसीन है यह एक सपना
फूलों के शहर में है घर अपना
क्या समां है तू कहाँ है
मैं आया आया आया आया आजा…
वहां तेरा मेरा नाम लिखा है
रास्ता नहीं यह आम लिखा है
यह है दरवाजा जहाँ तू खड़ी है
अंदर आजाओ सर्दी बड़ी है
यहाँ से नजारा देखो पर्वतों का
झांकू मैं कहां से कहां है झरोखा
ये यहाँ है तू कहाँ है
मैं आई आई आई आई आजा…
कितना हसीं है यह एक सपना…
अच्छा यह बताओ कहां पे है पानी
बाहर बह रहा है झरना दीवानी
बिजली नहीं है यही एक गम है
तेरी बिंदिया क्या बिजली से कम है
छोड़ो मत छेड़ो बाज़ार जाओ
जाता हूँ जाऊँगा पहले यहाँ आओ
शाम जवां है तू कहाँ है
मैं आई आई आई आई आजा…
देखो मैंने देखा है यह एक सपना…
कैसी प्यारी है यह छोटीसी रसोई
हम दोनों हैं बस दूजा नहीं कोई
इस कमरे में होंगी मीठी बातें
उस कमरे में गुजरेंगी रातें
ये तो बोलो होगी कहां पे लड़ाई
मैंने वह जगह ही नहीं बनाई
प्यार यहाँ है तू कहाँ है
मैं आई आई आई आई आजा
कितना हसीं है यह एक सपना…

# बॉलीवुड में यूनिटी नहीं, इसलिए चल रहा है बायकॉट कल्चर

## सैफ अली खान ने साधा निशाना, निकाली भड़ास

STAR इंटरव्यू



**बॉलीवुड में कई हिट फिल्में दे चुके एक्टर सैफ अली खान के लिए साल 2022 अच्छा नहीं रहा. उनकी रिलीज एकमात्र फिल्म विक्रम वेधा बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह पिटी. फिल्म में उनके साथ रितिक रोशन और राधिका आप्टे लीड रोल में थे. इसी बीच सैफ का कहना है कि बॉलीवुड में यूनिटी नहीं है इसलिए बायकॉट कल्चर चल रहा है. उन्होंने बायकॉट कल्चर को लेकर अपनी भड़ास निकालते हुए फिल्म इंटस्ट्री पर निशाना साधा.**

सैफ ने आमिर खान की 'लाल सिंह चड्ढा', रणबीर-आलिया की ब्रह्मास्त्र और खुद की फिल्म विक्रम वेधा की रिलीज के दौरान सोशल मीडिया पर ट्रेंड हुए बायकॉट पर बात की. उन्होंने कहा कि लोगों का यह वर्ग, जो बायकॉट कर रहा है, मुझे यकीन है कि यह रियल ऑडियंस नहीं है. फिल्मों को टारगेट करना, कहना ये खराब मूवी है, इसे बैन करना चाहिए या कैंसिल करना चाहिए. यह सही नहीं है. मुझे दुख होता है कि बॉलीवुड में भी इसके खिलाफ एकता दिखाई नहीं देती है. जब तक हमारे पास वो कदम उठाने की क्षमता नहीं होगी, हम रियल में इस सच्चाई को कभी नहीं जान पाएंगे कि ये कैंसिल कल्चर कितनी प्रभावी है. कैंसिल कल्चर डरावना होता है और यह एक विश्वव्यापी घटना है. उन्होंने कहा कि लेकिन जब आपकी फिल्म रिलीज होने वाली होती है और इतने सारे लोग लाइन पर होते हैं, तो लो प्रोफाइल रखना और ऐसे रास्ते से हटाना स्पष्ट रूप से आसान होता है. सैफ ने कहा कि जो लोग बायकॉट-बायकॉट कहते हैं मुझे नहीं लगता ये वास्तव में दर्शक हैं. लोग अपना मनोरंजन करना पसंद करते हैं, फिल्में देखना पसंद करते हैं, लेकिन इस बायकॉट की वजह से वे फिल्में देखने नहीं जाते हैं. हमारे देश में वास्तव में करने के लिए बहुत कुछ नहीं है, आप पार्क में टहलने नहीं जा सकते हैं या अपने बच्चों के साथ नाव की सवारी नहीं कर सकते हैं. हमारे शहरों में मनोरंजन सीमित है, इसलिए एंटरटटेनमेंट के लिए फिल्में देखने का ही सही ऑप्शन है. सैफ के वर्कफ्रंट की बात करें तो उनकी अपकमिंग फिल्म आदिपुरुष है, जिसमें वे लंकेश का रोल प्ले कर रहे हैं. फिल्म में उनके साथ प्रभास और कृति सेनन लीड रोल में हैं. ये फिल्म 16 जून 2023 को रिलीज होगी. फिलहाल, मेकर्स फिल्म के VFX पर दोबारा काम कर रहे हैं.

# विजय - रश्मिका ने कर ली शादी?

## फोटो को देख फैन्स लगा रहे क्यास



साउथ STAR

**साउथ इंडियन सिनेमा के सेंसेशन विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना की एक तस्वीर सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रही है, जिसमें कपल को शादी के लिबास में देखा जा सकता है. इस तस्वीर को देखने के बाद उनके फैन्स अनुमान लगा रहे हैं कि कहीं उन्होंने शादी तो नहीं कर ली है.**

वहीं, कुछ लोग अंदाजा लगा रहे हैं कि यह एडिटेड फोटो है और उम्मीद जता रहे हैं कि एक दिन यह एडिटिंग असल में परिवर्तित होगी. विजय और रश्मिका के अफेयर की खबर लंबे समय से मीडिया में है. हालांकि, कभी दोनों की ओर से इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई. दोनों ने हमेशा एक-दूसरे को उनका अच्छा दोस्त ही बताया है. करन जौहर के चैट शो 'कॉफ़ी विद करन 7' के एक एपिसोड में अनन्या पांडे ने हिंट दिया था कि विजय रश्मिका को डेट कर रहे हैं. विजय और रश्मिका साथ में मालदीव में वैकेशन एन्जॉय कर रहे हैं. रश्मिका की एक तस्वीर सामने आई थी, जिसमें उन्हें ब्लैक गॉगल में देखा गया था, जो बिल्कुल वैसा ही था, जैसा इससे एक दिन पहले विजय एयरपोर्ट पर पहने नजर आए थे. कई लोगों ने यह अनुमान तक लगाया था कि रश्मिका ने विजय का गॉगल ही पहना था.

### कई फिल्मों में किया साथ काम

विजय और रश्मिका ने 'गीता गोविंदम', 'डियर कॉमरेड'और 'वर्ल्ड फेमस लवर' जैसी फिल्मों में साथ काम किया है और उनकी केमिस्ट्री को दर्शकों ने खूब पसंद किया है. विजय पिछली बार फिल्म 'लाइगर' में दिखाई दिए थे, जो बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप साबित हुई. इसी तरह रश्मिका पिछली बार अपनी हिंदी डेब्यू फिल्म 'गुड बाय' में दिखाई दी थीं.

### CATCH काउंटर



एक दिन, जल्द ही, मैं इस वास्तविकता को उजागर करूंगा कि उन्होंने मेरे साथ कैसा व्यवहार किया, जिसे बहुत से लोग नहीं जानते, कम से कम आम जनता, यह बहुतों को हैरान कर देगी! मैं इस सब के बारे में कई वर्षों से चुप हूं, लेकिन बताने के लिए सही समय का इंतजार कर रहा हूं.

– अदनान सामी, गायक.



मुझे नहीं लगता कि एक पुरुष और एक महिला के बीच प्यार जैसा कुछ होता है. मैं अपने पति के लिए बहुत कुछ करूंगी लेकिन उतना नहीं जितना अपनी बेटी मसाबा के लिए करूंगी.

– नीना गुप्ता, एक्ट्रेस

# अक्षय को फिर लगा झटका

## 'आवारा पागल दीवाना 2' और 'वेलकम 3' से भी किया आउट



अक्षय कुमार इन दिनों अपनी फ्लॉप फिल्मों के अलावा हेरा फेरी 3 का हिस्सा नहीं होने को लेकर भी चर्चा में बने हुए हैं. इसी बीच एक और चौंकाने वाली खबर सामने आ रही है. रिपोर्ट्स की मानें तो हेरा फेरी 3 के बाद मेकर्स ने अक्षय को फिल्म 'आवारा पागल दीवाना 2' और 'वेलकम 3' से भी आउट कर दिया है. पिछले हफ्ते फिल्म हेरा फेरा 3 को लेकर काफी कुछ देखने और सुनने को मिला. अक्षय की बातों से नाडियादवाला काफी आहत हुए और उन्होंने अक्षय को अपकमिंग दो फ्रेंचाइजी फिल्मों से भी अलग कर दिया है.

### फीस कम करने को तैयार नहीं खिलाड़ी कुमार

फिल्म मेकर फिरोज नाडियाडवाला से जुड़े सूत्र का कहना है कि अक्षय ने फीस कम करने से मना कर दिया था, जो कि सही नहीं है. सूत्र का कहना है कि अक्षय पैसा कमाए और मेकर्स को नुकसान उठाना पड़े ये सही नहीं है. महामारी के बाद अपनी फीस कम करने के अलावा किसी के पास भी कोई ऑप्शन नहीं बचा है. फिरोज ने अक्षय को समझाने की कोशिश की लेकिन वह नहीं माने. कोई अन्य विकल्प नहीं होने के कारण उन्होंने हेरा फेरी 3 के लिए कार्तिक आर्यन को लिया. यह तब था जब अक्षय कुमार को अहसास हुआ कि फिरोज रियल में बिजनेस देख रहे हैं. यह सब हो जाने के बाद फिरोज ने 'आवारा पागल दीवाना 2' और 'वेलकम 3' बनाने की प्लानिंग भी की. फिरोज ने अक्षय को स्पष्ट कर दिया था कि वह इन दोनों रोमांचक फिल्मों के सीक्वल के लिए पहली पसंद थे.

# 'अद्भुत' 'सेल्फी' लेंगी डायना



चर्चित मॉडल डायना पेंटी इन दिनों 'सेल्फी' और 'अद्भुत' नाम की दो फिल्मों की शूटिंग तेजी से कर रही हैं. कॉकटेल, परमाणु, हैप्पी भाग गई जैसी कई सफल फिल्मों की इस तारिका की नियति यही है कि उन्हें मॉडलिंग की एसाइनमेंट में ही ज्यादा जाना जाता है. मगर डायना को इसका कोई रंज नहीं है. वह बताती हैं, 'मैंने हिंदी की कम फिल्में करके भी हमेशा उनमें अपना बेस्ट दिया है. असल में बॉलीवुड मुझसे जो नजदीकियां चाहता था, वैसा मैं कर नहीं पाई.'

### TV मैजिक

# वागले की दुनिया में छात्रों की फ़िक्र



टीवी सीरियल 'वागले की दुनिया' में अब विद्यार्थियों की समस्याओं पर फोकस किया जा रहा है. कॉलेज में चुनाव होने वाले हैं और इसी के साथ कॉलेज के स्टूडेंट्स की चिंताएं भी बढ़ने लगी हैं. तिवारी के बेटे अरुण तिवारी को मुश्किलों के बाद सखी के कॉलेज में दाखिला मिल जाता है. जहां अरुण को महसूस होता है कि कैंटीन का खाना जैसे छोटे खर्च भी उसके लिए भारी बन रहे हैं. कई दूसरे छात्र भी उसके जैसे हालात का शिकार हैं. यह देख अरुण कॉलेज का चुलाव लड़ इस मुद्दे को आगे ले जाने का फैसला करता है. सखी की भूमिका में अभिनय कर रही चिन्मयी साल्वी कहती है- 'वागले की दुनिया में उठाये गये मुद्दों में अब कॉलेज चुनावों को शामिल किया गया है.

# बेताब श्रद्धा



नई-पुरानी हीरोइन को जिस तरह से बाक्स आफिस में झटका लग रहा है. ऐसे में श्रद्धा कपूर भी बहुत सजग हो उठी हैं. इसके चलते ही कृति-वरुण की नई फिल्म भेडिया के एक गाने में वह आने के लिए तैयार हो गई हैं. इसके साथ ही वह जल्द अपनी एक फिल्म स्त्री-2 की शूटिंग शुरू कर देंगी. वह इस बात को समझ गई हैं कि सिर्फ कुछ शानदार परफार्मेंस के सहारे आप बॉलीवुड में ज्यादा टिके नहीं रह पाएंगे. क्योंकि दर्शक अब बॉलीवुड फिल्मों का बहुत अच्छी तरह से पोस्टमार्टम कर रहे हैं.

# वकील की भूमिका में खेर



राजू खेर अपने भाई अनुपम खेर की तरह एक पुराने अभिनेता हैं. हालांकि जो सफलता और लोकप्रियता अनुपम को मिली है वो राजू को नहीं मिली. लेकिन राजू टीवी की दुनिया में भी काफी काम कर चुके हैं. इधर अब राजू स्टार भारत के एक नए सीरियल 'आशाओं का सवेरा …धीरे धीरे से' में नज़र आएंगे. स्वास्तिक प्रोडक्शन के इस सीरियल में राजू परिवार के मुखिया और एक वकील बृजमोहन श्रीवास्तव की भूमिका में हैं.

# श्वेता-करण की दोस्ती



**बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन की बेटी श्वेता नंदा अक्सर अपनी दिलकश तस्वीरों की वजह से खबरों में छाई रहती हैं. हाल ही में उन्हें बॉलीवुड के फिल्म निर्माता करण जौहर के साथ मस्ती करते हुए देखा गया.**

दोनों ने अपने-अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक दूसरे के संग वाली कुछ तस्वीरें शेयर कीं और बताया कि दोनों ने किस तरह एक शादी पार्टी में खूब मस्ती की. बच्चन और जौहर हमेशा एक दूसरे के करीब रहे हैं. अमिताभ ने करण जौहर के पिता यश जौहर के साथ एक महान रिश्ता साझा किया. इनकी बॉन्डिंग बॉलीवुड में काफी फेमस रही है. वहीं करण, अभिषेक और श्वेता एक साथ बड़े हुए. कहने की जरूरत नहीं है कि बचपन की दोस्ती हमेशा खास होती है और करण को अक्सर श्वेता और अभिषेक के साथ घूमते देखा जाता है. अब नई तस्वीर में श्वेता और करण ने एक दूसरे को अपना बेस्टी बताया है. करण ने श्वेता के साथ अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक तस्वीर पोस्ट की, जिसमें उन्होंने श्वेता को अपने लाइफ का BFF बताया. वहीं श्वेता ने यही फोटो शेयर करके रिपोस्ट किया कि वे इस फंक्शन में एक-दूसरे के प्लस वन थे.

# तापसी का सहारा



तापसी पन्नू को काफी रिजर्व देखा जा रहा है. असल में फिल्म दोबारा की विफलता के बाद से वह समझ नहीं पा रही हैं कि कैसी फिल्मों का सहारा लेना उनके लिए ठीक होगा.

जहां तक उनके एक्टिंग टैलेंट का सवाल है, इसकी तारीफ उनके निंदक भी करते हैं. इन दिनों राजकुमार हिरानी की शाहरुख के साथ की फिल्म 'डंकी' को लेकर तापसी बहुत ज्यादा उत्साहित हैं. अब यह बताने की जरूरत नहीं है कि हिरानी की फिल्में उनके अपने दमखम पर दर्शकों को आकर्षित करती हैं.

## एक नज़र

### राजस्थान में भारत जोड़ो यात्रा की तैयारी

# यात्रा को ऐतिहासिक बनाने में नहीं छोड़ी जाएगी कोई कसर

**हिलव्यू समाचार**
**जयपुर**। राहुल गांधी की राजस्थान में भारत जोड़ो यात्रा को लेकर कांग्रेस की तैयारियां जोरो पर चल रही है। 4 दिसंबर को झालावाड़ के रास्ते प्रदेश में प्रवेश करने वाली यात्रा का रूट तय होने के बाद कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष और सरकार के मंत्री इसकी तैयारियों में जुट गए हैं, वहीं कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल जयपुर आकर भारत जोड़ो को-आर्डिनेशन कमेटी की मीटिंग लेंगे। झालावाड़ से राजस्थान में प्रवेश करने जा रही यात्रा की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने झालावाड़ में राज्य स्तरीय समन्वय समिति के सदस्यों, कांग्रेस नेताओं, कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों की मीटिंग ली। राज्य स्तरीय समन्वय समिति के तौर पर राजस्व मंत्री रामलाल जाट, मंत्री ममता भूपेश, प्रमोद जैन भाया भी मौजूद रहे। इस दौरान डोटासरा ने कहा कि राजस्थान में राहुल गांधी की यात्रा को ऐतिहासिक बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी जाए। यात्रा राजस्थान में प्रवेश करने पर भव्य स्वागत किया जाएगा। इसके लिए झालावाड़ में अभी को अलग लग जिम्मेदारी दी गई।



### यात्रा के विरोध को देखते हुए पुलिस प्रशासन अलर्ट

राहुल गांधी की यात्रा के विरोध करने की चेतावनी दे रहे गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति के अध्यक्ष विजय बैंसला यात्रा के रूट को देखकर संघर्ष समिति के पदाधिकारियों के साथ बैठकें कर रहे है। विरोध को देखते हुए कोटा संभागीय आयुक्त दीपक नंदी व कोटा रेंज आईजी प्रसन्न कुमार खमेसरा ने कलेक्ट्रेट सभागार में आसपास जिलों के कलेक्टर व एसपी के साथ बैठक की और रूट चार्ट को लेकर चर्चा की। इस दौरान अधिकारियों ने एमपी में राहुल गांधी की यात्रा की व्यवस्थाओं की स्टडी करने के निर्देश दिए। संभागीय आयुक्त दीपक नंदी ने कहा यात्रा में कानून व्यवस्था को लेकर किसी तरीके की दिक्कत नहीं आने देंगे।

## शीतला अष्टमी, गणेश चतुर्थी पर रहेगी छुट्टी



**जयपुर**। जयपुर जिला कलक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने जयपुर जिले में वर्ष 2023 के लिए शीतला अष्टमी एवं गणेश चतुर्थी का स्थानीय अवकाश घोषित किया है। जिला कलक्टर ने शुक्रवार को आदेश जारी कर शीतला अष्टमी 15 मार्च (बुधवार) एवं गणेश चतुर्थी 19 सितम्बर (मंगलवार) के स्थानीय अवकाश घोषित किए हैं। जयपुर में हर वर्ष जिला कलक्टर की ओर से 14 जनवरी मकर संक्रांति और शीतला अष्टमी पर स्थानीय अवकाश घोषित किए जाते हैं। इस बार मकर संक्रांति शनिवार को है। इसके चलते सरकारी कार्यालयों में अवकाश है। इसलिए कलक्टर ने मकर संक्रांति की बजाय गणेश चतुर्थी को अवकाश घोषित किया है।

# सौम्या जवाब पेश करने से पहले सीएम से मिलीं

**हिलव्यू समाचार**
**जयपुर**। नगर निगम ग्रेटर मेयर मामले में नए राजनीतिक समीकरण सामने आ रहे हैं। न्यायालय के आदेश के बाद दूसरी बार बहाल हुई मेयर सौम्या गुर्जर अब कांग्रेस सरकार की शरण में जाती दिखाई दे रही है। शुक्रवार को अपना जवाब पेश करने जाने से पहले सौम्या गुर्जर ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से मुलाकात कर लम्बी चर्चा की।

चर्चा के दौरान सौम्या ने इस प्रकरण को लेकर अपना पक्ष रखा। मुलाकात के बाद सौम्या ने डीएलबी डायरेक्टर के पास अपना जवाब भेजा। उच्च न्यायालय के निर्देश के बाद सरकार ने सौम्या को निगम आयुक्त से मारपीट करने के मामले में सफाई देने का मौका दिया है। महापौर ने जवाब देने के बाद कहा कि मैंने अपना सारा रिप्रजेंटेशन सीएम को दे दिया है। मुख्यमंत्री ने भी मेरी पूरी बात को सुना है। मुझे उम्मीद है कि न्याय मिलेगा। जवाब देने सौम्या खुद डीएलबी पहुंची थी।



### भाजपा नेताओं की बेरुखी

ग्रेटर महापौर प्रकरण में सरकार के निशाने पर आई सौम्या को लेकर भाजपा विधायकों और नेताओं की बेरुखी भी लगातार सामने आ रही है। इसके चलते गहलोत से मुलाकात और सरकार से निकटता के नए समीकरणों को लेकर जोरदार चर्चा है। हालांकि, सौम्या के जवाब के बाद राज्य सरकार अब मामले में कानूनी अध्ययन करवाएगी। इसके बाद ही आगे कदम उठाया जाएगा। सरकार अगर सौम्या को दोबारा पद से बर्खास्त करती है तो सौम्या के पास दोबारा हाईकोर्ट जाने का विकल्प रहेगा।

### नोटिस में ये कहा था

नोटिस में उनसे पूछा था कि राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा 39 के तहत दी गई शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य सरकार की ओर से क्यों न नगर निगम ग्रेटर जयपुर के वार्ड संख्या 87 की सदस्यता और महापौर नगर निगम ग्रेटर जयपुर के पद से हटाने और अगले 6 साल तक पुर्ननिर्वाचन के लिए निर्योग्य घोषित कर दिया जाए।

### शिक्षकों के बीच मुख्यमंत्री अशोक गहलोत

# OPS के ख़िलाफ़ बीजेपी केंद्रीय नेतृत्व तैयार नहीं



**हिलव्यू समाचार**
**जयपुर**। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा है कि भाजपा पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) के खिलाफ है, यह मुझे कहते हुए संकोच नहीं है। मेरे पास इसका प्रमाण भी है। ये घबराए हुए हैं। इनका केंद्रीय नेतृत्व तैयार नहीं है इसे करने के लिए है। छत्तीसगढ़ ने कर दिया, पंजाब को करना पड़ा, झारखंड ने भी कर दिया बाकी राज्यों को आज नहीं तो कल, इसे लागू करना ही पड़ेगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा पुरानी पेंशन योजना लागू किए जाने से प्रदेश के सरकारी कर्मचारियों में अपने भविष्य को लेकर सुरक्षा की भावना आई है।

राजस्थान शिक्षक संघ (अंबेडकर) के राज्य स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन सीएम गहलोत ने कहा कि देश में पदोन्नति में आरक्षण देने वाला राजस्थान एकमात्र राज्य है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर के जीवन संघर्षों से समाज को प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के बिना जीवन अंधकारमय रहता है और समाज के उत्थान में शिक्षकों की भूमिका सर्वाधिक महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने कहा कि आज पूरे देश में पदोन्नति में आरक्षण देने वाला राजस्थान एकमात्र राज्य है। विभिन्न कठिनाइयों का सामना करते हुए और लंबी कानूनी लड़ाई लड़कर राज्य सरकार ने पदोन्नति में आरक्षण जारी रखा है ताकि वंचित तबके के कर्मियों को पदोन्नत होने के अवसर मिलें और वे समाज की मुख्यधारा से जुड़ सकें।

### भारत के संविधान की अलग पहचान

सीएम गहलोत ने कहा कि दुनियाभर के देशों में भारत के संविधान की एक अलग पहचान है। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने संविधान में सभी देशवासियों के लिए समानता का अधिकार निहित किया। महिलाओं को संविधान लागू होने के साथ ही मतदान का अधिकार मिला, जबकि अन्य लोकतंत्रों में इसमें काफी समय लगा। उन्होंने कहा कि संविधान से ऐतिहासिक रूप से पिछड़े वर्गों को आरक्षण का अधिकार मिला। छुआछूत जो मानवता के नाम पर एक कलंक है, जैसी बुराई को संविधान में अपराध घोषित किया गया। आज 75 साल बाद भी देश में संवैधानिक व्यवस्था कायम है और ये हमारे देश में लोकतंत्र की ताकत को दर्शाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि महात्मा गांधी और डॉ. अंबेडकर के जीवन संघर्षों से समाज को प्रेरणा मिलती है। दक्षिण अफ्रीका में नस्लभेद झेलने के बाद गांधीजी ने सत्य और अंहिसा के बल पर देश को आजादी दिलाई। समाज में अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति का कल्याण गांधी जी का ध्येय था।



### हर क्षेत्र में राज्य कर रहा प्रगति

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से आज प्रदेश सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ रहा है। चिरंजीवी योजना से आमजन को महंगे इलाज की चिंता से मुक्ति मिली है। इसके अंतर्गत 10 लाख तक का इलाज निःशुल्क कर दिया गया है। अंग प्रत्यारोपण जैसे जटिल उपचारों में 10 लाख की सीमा समाप्त कर दी गई है। सभी प्रकार की दवाइयां और महंगी जांचें भी निःशुल्क कर दी गई हैं। इसके अतिरिक्त प्रदेशवासियों को 5 लाख का दुर्घटना बीमा भी दिया जा रहा है। इन योजनाओं से स्वास्थ्य के क्षेत्र में राजस्थान एक मॉडल स्टेट बनकर उभरा है।

### अनिवार्य FIR से आमजन को हुई सुगमता

सीएम ने कहा कि प्रदेश में अनिवार्य एफआईआर का प्रावधान किया गया है ताकि आमजन सुगमता से कानूनी सेवाएं ले सकें। इससे प्रदेशवासियों का कानून व्यवस्था में विश्वास दृढ़ हुआ है एवं आपराधिक तत्वों में कानून का भय व्याप्त हुआ है।

## सराफ ने डिस्पेंसरी में किया सुविधाओं का लोकार्पण



**जयपुर (हिलव्यू समाचार)**। मालवीय नगर विधायक कालीचरण सराफ ने शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र डिस्पेंसरी तिलक नगर में विधायक कोष द्वारा प्रदत्त 26 लाख 50 हजार रुपए किए गए एक हॉल निर्माण, डिस्पेंसरी के आगे और दोनों तरफ फाइबर शीट, दो शौचालय, तीन एसी, गार्डन में फुटपाथ कार्य का विधिवत पूजा करके लोकार्पण किया। पार्षद महेश सैनी ने बताया कि इस से डिस्पेंसरी में चिकित्सा सुविधाएं बढ़ेगी। डिस्पेंसरी की मुख्य चिकित्सा अधिकारी सरिता शर्मा व अन्य इस मौके पर मौजूद रहे।

### राज्यव्यापी आंदोलन की चेतावनी

## शैक्षिक सम्मेलन की बजाय शिक्षकों ने दिया धरना



**हिलव्यू समाचार**
**जयपुर**। शिक्षक संगठनों के राज्य स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन की बजाय शुक्रवार को राजस्थान प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षक संघ ने शहीद स्मारक पर एक दिवसीय सरकार का ध्यानाकर्षण धरना प्रदर्शन किया। प्रदेश अध्यक्ष शशि भूषण शर्मा के नेतृत्व में धरने में सभी जिलों से संगठन प्रतिनिधि के साथ सैकड़ों शिक्षकों ने भाग लिया। इस दौरान वरिष्ठ उपाध्यक्ष विपिन प्रकाश शर्मा ने कहा कि शिक्षा विभाग में टीएसपी सहित तृतीय श्रेणी शिक्षकों के स्थानांतरण तथा दो वर्ष से नियमित डीपीसी नहीं होने से शिक्षकों में रोष व्याप्त है, सरकार की हठधर्मिता के कारण राजस्थान प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षक संघ कार्यकारिणी ने सम्मेलन की बजाय सरकार के खिलाफ आंदोलन शुरू करने का निर्णय लिया है। हर वर्ष जिला और राज्य स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन आयोजित कर सरकार को प्रस्ताव भेजा जाता है, लेकिन एक भी प्रस्ताव पर सरकार ध्यान नहीं देती। यह सम्मेलन एक तरह से औपचारिकता रह गई है। संगठन मंत्री अंजनी कुमार शर्मा ने बताया कि 19 सूत्री मांग पत्र सरकार को प्रेषित किया गया है।

### योजना भवन में हुई नॉन-रेजिडेंट राजस्थानी (एनआरआर) डॉक्टर्स मीट

# SMS के स्टूडेंट्स को विदेशों में कॅरिअर में डोरी करेगा मदद

**हिलव्यू समाचार**
**जयपुर**। प्रदेश के स्थानीय लोगों और एसएमएस मेडिकल कॉलेज के पूर्व छात्र जो विदेशों में अपना कॅरियर बनाना चाहते हैं, उन्हें मेन्टोरशिप प्रदान के लिए डॉक्टरर्स ऑफ राजस्थान इंटरनेशनल (डोरी) का सहयोग मिलेगा। इसके लिए जल्द ही एसएमएस मेडिकल कॉलेज, जयपुर और डॉक्टर्स ऑफ राजस्थान इंटरनेशनल (डोरी) मध्य एमओयू होगा। एमओयू फेसिलिटेड करवाने में राजस्थान फाउंडेशन महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। यह घोषणा शुक्रवार को योजना भवन में नॉन-रेजिडेंट राजस्थानी (एनआरआर) डॉक्टर्स मीट में की गई। राजस्थान फाउंडेशन के कमिश्नर धीरज श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आयोजित इस मीट में एसएमएस मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राजीव बगरहट्टा, डोरी फाउंडेशन अध्यक्ष डॉ. जयवीर राठौर (यूएसए), डोरी फाउंडेशन कोषाध्यक्ष डॉ. चारु सुकलेचा (यूके), और कार्यकारी सदस्य डॉ. कुसुम नाथावत (यूके), भी मौजूद रहे।



**150 से अधिक डॉक्टरों का संघ:** डोरी फाउंडेशन अध्यक्ष डॉ. जयवीर राठौड़ ने बताया कि डोरी विभिन्न स्पेशलिटीज वाले 150 से अधिक डॉक्टरों का एक संघ है, जो सभी प्रमुख महाद्वीपों में फैला हुआ है। इसका गठन अनिवासी राजस्थानी डॉक्टरों को एक मंच पर लाने के प्रयास के तहत किया गया है। हम मुख्य रूप से मेडिकल एजुकेशन और स्वास्थ्य सेवाओं पर विभिन्न पहलों पर कार्य कर रहे हैं।

## अनुकंपा नियुक्ति के 38 प्रकरणों में शिथिलता



**हिलव्यू समाचार**
**जयपुर**। सीएम अशोक गहलोत ने राजकीय कार्मिक की मृत्यु के उपरांत आश्रित द्वारा अनुकंपा नियुक्ति के लिए आवेदन के 38 प्रकरणों में शिथिलता प्रदान की है। सीएम ने कार्मिक की मृत्यु उपरांत निर्धारित अवधि निकलने के बाद बालिग होने के उपरांत 3 वर्ष तक की विलंब अवधि में शिथिलन के 31 प्रकरण, आवेदक के 18 वर्ष की आयु पूर्ण नहीं करने के 4 प्रकरण, विलंब अवधि/प्रथम नियुक्ति आदेश की कार्यग्रहण अवधि को बढ़ाने के 1 प्रकरण में शिथिलता दी है।

# आरोग्य मेला का समापन: पंचकर्म व सिद्धा पद्धति से विभिन्न बीमारियों का उपचार संभव

**हिलव्यू समाचार**
**भरतपुर**। आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक, यूनानी, सिद्धा एवं होम्योपैथी चिकित्सा विभागों की ओर से एमएसजे कॉलेज ग्राउण्ड पर लगाए जा रहे चार दिवसीय आरोग्य मेले का तकनीकी शिक्षा एवं आयुर्वेद राज्य मंत्री डॉ. सुभाष गर्ग ने शुभारम्भ किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर निगम के मेयर अभिजीत कुमार ने की। विशिष्ट अतिथि आयुष विभाग की शासन सचिव विनीता श्रीवास्तव, सर्वपल्ली डॉ. राधाकृष्णनन राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रदीप प्रजापत, जिला कलेक्टर आलोक रंजन, आयुर्वेद विभाग के निदेशक डॉ. आनन्द शर्मा, होम्योपैथी की निदेशक डॉ. रेनू बंसल, यूनानी के निदेशक डॉ. फैयाज अहमद थे। इस दौरान लोकदल के जिलाध्यक्ष संतोष फौजदार, उपप्रधान ओमप्रकाश, सेवर प्रधान शकुंतला सतीश सोगरवाल उपस्थित थे।



### निशुल्क जांच

राज्य स्तरीय आरोग्य मेले में आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी, प्राकृतिक पद्धतियों की 55 फार्मा कम्पनियों की स्टालें लगाई गई। मेले में रोगियों को निशुल्क जांच व दवा उपलब्ध कराई गई। बच्चों को स्वर्णप्रासन की निशुल्क दवा पिलाई गई। वहीं पंचकर्म व सिद्धा पद्धति से लाइलाज बीमारियों का उपचार किया गया। मेले में स्टेट मेडिसनल प्लांट बोर्ड द्वारा औषधीय पौधों का निशुल्क वितरण भी किया गया।

### आयुष तनाव दूर करने में सहायक

कार्यक्रम में आयुर्वेद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रदीप प्रजापत ने कहा कि आयुष में अनेक ऐसे उपचार की पद्धतियां हैं, जो लाइलाज बमारियों के उपचार के साथ तनाव को दूर करने में सहायक हैं। कार्यक्रम में जिला कलेक्टर आलोक रंजन ने कहा कि एलोपैथी के उपचार के दौरान जो साइड इफैक्ट होते हैं, वे आयुष पद्धतियों के उपचार के दौरान नहीं होते। आयुष की दवाइयां कई रोगों के उपचार में कारगर सिद्ध हुई हैं।

### आयुष पद्धतियों का बढ़ा महत्व: गर्ग

समारोह में आयुर्वेद राज्य मंत्री डॉ. सुभाष गर्ग ने कहा कि कोविड-19 के बाद आयुष पद्धतियों का महत्व बढ़ा है और इन प्राचीन एवं सरल व सुलभ पद्धतियों के प्रति लोगों में विश्वास की भावना जागृत हुई है। इसी दृष्टि से आयुष पद्धतियों को विश्वभर के लोगों ने अपनाना प्रारम्भ कर दिया है। उन्होंने कहा कि घर-घर आयुर्वेद को हमारे पूर्वज अपनाते आ रहे हैं। नगर निगम के मेयर अभिजीत कुमार ने कहा कि आयुष पद्धति से रोगों को जड़ से समाप्त किया जा सकता है।आयुर्वेद राज्य मंत्री डॉ. सुभाष गर्ग ने आयुष मेले में केन्द्रीय सिद्ध अनुसंधान परिषद द्वारा लगाई स्टाल का अवलोकन किया, जहां उन्हें बताया गया कि भारत सरकार का आयुष मंत्रालय राजस्थान में अपनी शाखा खोलना चाहता है।

एक नज़र

## नौकरी के नाम पर 1.37 लाख रुपए की ठगी

**हिलव्यू समाचार**
**सीकर**। इन दिनों ठगी के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। ऑनलाइन फ्रॉड के साथ ही अब नौकरी दिलाने के नाम पर युवाओं को ठगने के मामले भी सामने आने लगे हैं। ऐसा ही एक मामला सीकर से सामने आया है, जहां आईसीआईसीआई बैंक में नौकरी दिलाने के नाम पर एक युवक से ठगी की वारदात को अंजाम दिया गया।

युवक से नौकरी दिलाने के नाम पर उससे 1.37 लाख रुपए की ठगी की गई है। पुलिस ने बताया कि विकास कुमार नामक युवक ने यह रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पुलिस को दी गई शिकायत में पीड़ित ने बताया कि वह दो नंबर डिस्पेंसरी के पास बैंक में काम करता है। उसके बैंक में एक शख्स आया और उसके नंबर लेकर चला गया। इसके बाद शख्स ने उसे फोन किया और कहा कि मैंने तुम्हारे ऑफिस से तुम्हारी रिपोर्ट ली है और तुम्हारा काम करने का तरीका बहुत अच्छा है। इसलिए तुम्हें आईसीआईसीआई बैंक में 24 हजार रुपए महीना नौकरी लगवा दूंगा। इसमें रहना-खाना फ्री रहेगा और नॉन फील्ड काम होगा। इसके बाद उसने वाट्सएप कॉल कर अपने उच्च अधिकारी फरीद खान से वीडियो कॉल कर बात करवाई और विकास को अपने झांसे में फंसा लिया। विकास को झांसे में लेने के बाद आरोपी ने नौकरी के बदले पैसो की मांग की और एक लाख रुपए पहले सिक्योरिटी के तौर पर जमा करवाने को कहा। विकास कुमार ने आरोपी को एक लाख रुपए दे भी दिए। उसके अगले दिन ही फरीद खान ने विकास को फोन कर मेडिकल, फिजिकल और प्राइमरी इंश्योरेंस के तौर पर 37 हजार रुपए अपने खाते में ऑनलाइन जमा करवा लिए और ज्वानिंग लेटर देने की बात कही, लेकिन जब एक सप्ताह बाद भी विकास के पास ज्वानिंग लेटर नहीं आया तो उसे शक हुआ और उसने अपने पैसे वापस मांगे। आरोपियों ने पैसे वापस करने से साफ तौर पर मना कर दिया।

मरीज की मौत पर परिजनों ने किया जमकर हंगामा

## ड्यूटी डॉक्टर पर हमला अस्पताल में की तोड़फोड़

**हिलव्यू समाचार**
**कोटा**। नयापुरा थाना क्षेत्र स्थित एमबीएस हॉस्पिटल में बुधवार देर रात एक महिला मरीज की उपचार के दौरान मौत के बाद गुस्साए परिजनों ने जमकर हंगामा किया। इस दौरान एक महिला ने रेजिडेंट डॉक्टर पर कुर्सी उठाकर दे मारी। मामला इतना बढ़ गया कि मरीज के परिजनों ने डॉक्टर्स को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा। यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। इमरजेंसी में बैठे डॉक्टर्स की पिटाई के बाद गुरुवार को डॉक्टर्स भी धरने पर उतर गए हैं। जानकारी के अनुसार 26 साल की महिला मरीज शाहिस्ता जुबेर को बुधवार सुबह 10 बजे इमरजेंसी में भर्ती किया गया था। रेजिडेंट डॉक्टर बृजलाल बैरवा ने बताया कि महिला के डेंगू था। उसकी प्लेटलेट्स 64 हजार के करीब थी। ब्लड प्रेशर भी लो आ रहा था। वार्ड में महिला का इलाज चल रहा था। शाम 7-8 बजे करीब महिला की स्थिति बिगड़ने लगी तो परिजनों ने हंगामा किया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले को शांत करवाया। रात करीब 1 बजे इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। मरीज की एक महिला रिश्तेदार भड़क गई और डॉ. यश वर्धन पर कुर्सी फेंक हमला कर दिया।



### आरोपियों को किया जाए गिरफ्तार

रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन, कोटा के अध्यक्ष डॉक्टर जितेंद्र यादव ने कहा कि मरीज के परिजनों को समझा दिया गया था। इसके बाद भी 10-15 परिजन पलट कर आए और डॉक्टर को धमकाने लगे। मरीज की कंडीशन सीरियस थी। परिजनों ने काफी लोगों को बुला लिया। महिला पुरुषों ने डॉक्टर से मारपीट की। डॉक्टर्स को दौड़ा-दौड़ा कर मारा। डॉ. यादव ने बताया कि हमारी मांग है कि जल्द से जल्द आरोपियों को गिरफ्तार किया जाए। मांगें पूरी नहीं होने तक हॉस्पिटल के 250 से ज्यादा रेजिडेंट डॉक्टर्स हड़ताल पर उतर आए हैं। हॉस्पिटल अधीक्षक डॉक्टर दिनेश वर्मा ने बताया कि मरीज के परिजनों ने डॉक्टरों व नर्सिंग स्टाफ से मारपीट की। कुर्सी फेंक कर मारी। वार्ड की कुर्सियां, कांच तोड़ दिए।

रियल एस्टेट कारोबारियों पर आयकर विभाग का एक्शन

## 150 करोड़ की संपत्ति पर टैक्स चोरी का खुलासा

■ दस किलो सोना, एक करोड़ की नकदी और 18 बेनामी लॉकर्स मिले

**हिलव्यू समाचार**
**उदयपुर**। इनकम टैक्स विभाग की उदयपुर के दो प्रॉपर्टी डीलर्स के यहां जारी छापेमारी के तीसरे दिन 150 करोड़ रुपए की संपत्ति पर टैक्स चोरी का खुलासा हुआ है। इससे पहले आयकर टीम एक करोड़ रुपए की नकदी, दस किलो सोना, एक दर्जन से अधिक रिसोर्ट में भागीदारी के अलावा बेनामी अठारह लॉकर्स का पता लगा चुकी है। आयकर की कार्रवाई अभी भी जारी है। टीम लॉकर्स सहित अन्य की तलाशी ले रही है।

आयकर विभाग जयपुर की टीम ने उदयपुर के दो रियल एस्टेट के यहां दो दिन पहले छापेमारी की कार्रवाई की। दोनों प्रॉपटी के उदयपुर के 37 ठिकानों के अलावा मुंबई के दो ठिकानों पर एक साथ कार्रवाई की गई। बीते दिवस आयकर विभाग ने खुलासा किया था कि दोनों प्रॉपर्टी डीलर्स के यहां से एक करोड़ की नकदी, सौ करोड़ से अधिक मूल्य की भू-संपत्ति के अलावा दस किलो सोना तथा उदयपुर में एक दर्जन से अधिक रिसोर्ट में भागीदारी का पता चला है।

सर्चिंग कार्रवाई में दोनों प्रॉपर्टी समूहों के यहां 150 करोड़ रुपए से अधिक संपत्ति पर टैक्स बकाया का पता चला है।

इसके अलावा उनके यहां से 18 ऐसे बैंक लॉकर्स का भी पता चला है, जो उनके नाम नहीं है। उनकी भी तलाशी ली जाएगी।



### 40 से ज्यादा लोगों से पूछताछ

आयकर अधिकारियों ने बताया कि टैक्स की जांच में दोनों प्रॉपर्टी कारोबारियों के अलावा 40 से ज्यादा लोगों से पूछताछ की जा रही है। करोड़ों रुपए के अघोषित निवेश को लेकर उनके यहां जांच चल रही है। दोनों प्रॉपर्टी कारोबारी और उसके सहयोगियों के यहां 17 से ज्यादा अघोषित लॉकर्स मिले हैं। उदयपुर के नामी रॉयल रिसोर्ट समेत एक दर्जन से अधिक रिसोर्ट में भी भागीदारी का पता चला है। कारोबारी के यहां सॉफ्ट स्टोन कारोबार में निवेश के साथ ही मोटे ब्याज पर लोगों को ऋण देने की फाइलें भी मिली है।

### एक हजार करोड़ से ज्यादा की प्रॉपटी




आयकर टीम का मानना है कि उदयपुर में कारोबारी समूह के पास एक हजार करोड़ से भी ज्यादा की प्रॉपर्टी हैं। सवीना में रहने वाले एक कारोबारी के घर से अब तक 500 करोड़ रुपए से ज्यादा की जमीनों के दस्तावेज मिल चुके हैं। उनकी काया, बलीचा, तितरडी और नेला गांव में बड़ी प्रॉपर्टी के साथ ऋषभदेव में दो मार्बल माइंस और क्रेशर गिट्टी का प्लांट भी है। वहीं, दूसरे कारोबारी का उदयपुर में हाउसिंग फाइनेंस का काम ज्यादा है।

### ज्यादातर जमीनें SC-ST वर्ग के लोगों के नाम

आयकर विभाग जयपुर की 12 से अधिक टीमों के सौ से अधिक कर्मचारियों ने दोनों कारोबारियों से पूछताछ और जांच की। दोनों कारोबारियों के यहां से ज्वैलरी, नकदी के साथ जमीनों के कागजात भी मिले हैं। वहीं आयकर विभाग की जांच में सामने आया है कि ज्यादातर जमीनें एससी-एसटी वर्ग के लोगों के नाम है। इसके बाद संबंधित व्यक्तियों से पूछताछ की जा रही है। वहीं आयकर विभाग के अधिकारियों के दोनों समूहों की ओर से शहर के कई रिसोर्ट में निवेश के दस्तावेज भी मिले हैं। फाइनेंस को लेकर भी बड़ा कारोबार होना सामने आया है। समूहों का सॉप स्टोन का कारोबार भी है।

खाद बेचने वाले के ख़िलाफ़ मामला दर्ज

## यूरिया के कट्टों से भरी गाड़ी पकड़ी, ड्राइवर गिरफ्तार



**हिलव्यू समाचार**
**अलवर**। जिले में यूरिया खाद की किल्लत लगातार बढ़ती जा रही है। वहीं खाद विक्रेता यूरिया की कालाबाजारी पर उतर आए हैं।

कोटकासिम में पुलिस ने यूरिया खाद से भरी पिकअप को जब्त किया है। कृषि विभाग की निरीक्षक पिंकी मीणा ने कोटकासिम की एक खाद बीज बेचने वाली फर्म के मालिक सहित खाद को अवैध रूप से खरीदने वाले दो व्यक्तियों व खाद भरकर ले जा रही पिकअप ड्राइवर के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। कृषि अधिकारी पिंकी मीणा के द्वारा दर्ज कराई गई रिपोर्ट में बताया गया है कि तिजारा के मिलक पुरी का रहने वाला पिकअप चालक आमिर खान पुत्र तैयब खान अवैध रूप से श्रीराम कंपनी के यूरिया खाद के बैग भरकर ले जा रहा था। यह यूरिया अवैध रूप से कोटकासिम में एक खाद बीज बेचने वाली फर्म के मालिक सचदेव गुप्ता ने अवैध रूप से भंडारित कर रखा था, जिसको हसनपुर तिजारा के रहने वाले साजिद वह रूपवास तिजारा के रहने वाले शहजाद ने 400 रुपए प्रति बैग की महंगी दर पर खरीदा था।

दूसरी बिरादरी के लड़के से शादी करने पर ख़फ़ा थे माता-पिता

## भरतपुर से जुड़े आयुषी मर्डर के तार





**हिलव्यू समाचार**
**भरतपुर**। उत्तर प्रदेश के मथुरा में बहुचर्चित आयुषी हत्याकांड के तार भरतपुर से भी जुड़ गए हैं। आयुषी ने जिस लड़के से करीब सवा साल पहले आर्य समाज मंदिर में शादी की थी, वो लड़का भरतपुर जिले की वैर तहसील का रहने वाला है। जानकारी मिली है कि आयुषी ने शादी की बात तो परिजनों को बता दी थी, लेकिन लड़के छत्रपाल ने इस बात की जानकारी अपने परिजनों से छिपाकर रखी। घटना के दस दिन पहले छत्रपाल के पास आयुषी की मां का फोन भी आया था और उसकी मां ने छत्रपाल को बेटी से दूर रहने की सलाह दी थी। आयुषी की मौत के बाद युवक के परिजनों को पता चला कि उनका बेटा छत्रपाल आयुषी का पति था।

### पढ़ाई के दौरान हुई थी आयुषी से मुलाकात

मामले से छत्रपाल और उसके परिजनों ने दूरी बना रखी है। वैर तहसील के त्योहारी गांव निवासी छत्रपाल का परिवार वर्तमान में बयाना रहता है और छत्रपाल के पिता सेना से सेवानिवृत्त हैं। छत्रपाल के पिता की सर्विस के दौरान उनका परिवार दिल्ली ही रहता था और पढ़ाई के दौरान छत्रपाल की आयुषी से मुलाकात हुई। छत्रपाल अपने दोस्त के साथ उसकी गर्लफ्रेंड से मिलने जाता था और दोस्त की गर्लफ्रेंड की सहेली आयुषी से उसकी मुलाकात नजदीकियों में बदल गई।

55वीं राज्य स्तरीय विज्ञान-गणित और पर्यावरण प्रदर्शनी का समापन समारोह

## विज्ञान के युग ने पूरी दुनिया को बना दिया ग्लोबल विलेज: शिक्षा मंत्री

**हिलव्यू समाचार**
**बीकानेर**। शिक्षा मंत्री डॉ. बीडी कल्ला ने शुक्रवार को बीकानेर में देशनोक के करणी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, उदयपुर के तत्वावधान में आयोजित चार दिवसीय 55वीं राज्य स्तरीय विज्ञान, गणित और पर्यावरण प्रदर्शनी के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आज विज्ञान का युग है। इसने पूरी दुनिया को ग्लोबल विलेज बना दिया है। उन्होंने विज्ञान का उपयोग विकास में करने का आह्वान किया। साथ ही चिंता जताई कि इसके विनाशकारी उपयोग मानव सभ्यता के लिए अभिशाप हैं। उन्होंने कहा कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी ने 21वीं सदी के तकनीकी क्षमता संपन्न भारत की कल्पना की। वह सपना आज साकार हुआ है। आज हमारे देश के वैज्ञानिक नित नए आविष्कार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विज्ञान मेला वर्षों बाद बीकानेर जिले में तथा पहली बार देशनोक में आयोजित हुआ है। प्र स्कूल प्राचार्य शक्ति प्रसन्न बिठु ने बताया कि चार दिवसीय इस प्रदर्शनी में 33 जिलों के 804 विद्यार्थियों और शिक्षकों ने भागीदारी निभाई है। इस दौरान 357 मॉडल प्रस्तुत किए गए। नगरपालिका देशनोक के अध्यक्ष ओमप्रकाश मूंधड़ा, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. राजकुमार शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी) सुरेंद्र सिंह भाटी, करणी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष बादल सिंह, भामाशाह सुंदरलाल दूगड़, मूलचंद राठी, श्रीचंद खासर, शांतिलाल सांड, गिरिराज सिंह बारहठ, डॉ. विजय शंकर आचार्य तथा विक्की पुरोहित सहित अनेक लोग मौजूद रहे।




### वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल होगा शतरंज खेल

शिक्षा मंत्री ने कहा कि देशभक्ति और महात्मा गांधी के प्रिय गीतों के गायन तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माध्यम से कॉपी जांच के बाद स्कूलों में शतरंज खेलने का कीर्तिमान स्थापित किया है। इसे भी शीघ्र ही वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल किया जाएगा। उन्होंने बच्चों को संयमित भोजन, अच्छी संगत, मोबाइल-टीवी से दूर रहने का आह्वान किया।

काम की बात

# जानें ठंड में लहसुन खाने के फायदे

**वैसे** तो लहसुन का उपयोग साग-सब्जी में किया जाता है। पर इसमें अनेक औषधीय गुण भी होते हैं। यह एंटीआक्सीडेंट्स, फाइबर, विटामिंस और मिनरल्स से भरपूर होता है। रोजाना लहसुन का सेवन करने से अनेक बीमारियां दूर होती हैं। माना जाता है कि ठंड में लहसुन खाना बहुत ही फायदेमंद है। इसके खाने से शर्दी-जुकाम, कोलेस्ट्रोल और पाचन की अनेक बीमारियां दूर रहती हैं। लहसुन की तासीर गरम होती है, इसलिए ठंड में लहसुन खाना स्वास्थ्य के लिए लाभदायक माना जाता है।

**शर्दी-जुकाम में होता है फायदेमंदः** लहसुन के सेवन से शरदी और जुकाम की परेशानियां दूर रहती हैं। इसमें एंटीवैक्टेरियल और एंटीवायरल गुण होते हैं, जो शरदी और जुकाम की बीमारी से बचाते हैं। लहसुन के सेवन से इम्युनिटी बढ़ती है। बीमारी फैलाने वाले वैक्टेरिया से लड़ने की शक्ति भी बढ़ती है।

**हार्ट के लिए लहसुन का सेवन बहुत ही फायदेमंदः** ठंड में हार्ट संबंधी बीमारियों का खतरा अधिक रहता है। क्योंकि इस समय तलाभुना खाना अधिक खाया जाता है, साथ ही इस मौसम फिजिकली एक्टीविटी कम हो जाती है। लहसुन का न्यूट्रिअंट्स कोलेस्ट्रोल को कम करता है। ऐसे में एंटीआक्सीडेंट्स मिलता है, जो बैड कोलेस्ट्रोल को बढ़ने नहीं देता। लहसुन का मिनरल्स ब्लडप्रेशर को नहीं बढ़ने देता।

**हड्डियों को मजबूत करता हैः** एक उम्र के बाद हड्डियां कमजोर होने लगती हैं। लहसुन में कैल्शियम होता है, जो हड्डियों को मजबूत करने का काम करता है। लहसुन में एंटी इन्फ्लोमेटरी गुण होते हैं, इसलिए इसके सेवन से सूजन में आराम मिलता है और दर्द की मुश्किलियां भी दूर होती हैं।

**अल्जाईमर का खतरा कम करता हैः** लहसुन में एंटीआक्सीडेंट्स होते हैं, जो आक्सीडेटिव स्ट्रेस कम करते हैं। लहसुन के सेवन से स्मरणशक्ति अधिक मजबूत होती है और अल्जाईमर जैसी बीमारी का खतरा कम होता है।

**थकान और कमजोरी को तेजी से दूर करता हैः** ठंड में अनेक बार ऐसा होता है कि बिस्तर से उठने का मन नहीं होता। हड्डियां और मसल्स अकड़ से जाते हैं। लहसुन खाने से शरीर को एनर्जी मिलती रहती है। इसके सेवन से थकान और कमजोरी दूर होती है।



**स्नेहा सिंह**
**नोएडा (उ.प्र.)**

सीएम की अध्यक्षता में कैबिनेट बैठक

# ग्रामीण पर्यटन नीति मंज़ूर पदोन्नति के बढ़ेंगे अवसर

**हिलव्यू समाचार**
**जयपुर**। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की अध्यक्षता में गुरुवार को मुख्यमंत्री निवास पर राज्य मंत्रिमंडल की बैठक हुई। बैठक में राज्य कार्मिकों को पदोन्नति के अधिक अवसर देने, राजस्थान मे पर्यटन को बढ़ावा देने, राजस्थान सिविल सेवा नियम में संशोधन, राजस्थान बेघर उत्थान एवं पुनर्वास नीति के प्रस्ताव पर अनुमोदन सहित कई अहम निर्णय लिए गए हैं।

बैठक में राजस्थान ग्रामीण पर्यटन योजना-2022 का अनुमोदन किया है। बजट घोषणा वर्ष 2022-23 की पालना में तैयार योजना से ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

बैठक में कर्मचारी चयन बोर्ड के अध्यक्ष और सदस्यों का वेतन बढ़ाने का फैसला किया गया। अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में कार्मिकों की नियुक्ति के लिए विशेष चयन और सेवा की विशेष शर्तें को मंजूरी दी गई है, जिससे अंग्रेजी माध्यम शिक्षकों के संवर्ग के गठन का मार्ग प्रशस्त होगा।

### फूड पार्क के लिए मिलेगी ज़मीन

राज्य विधि विज्ञान प्रयोगशाला के लिए सेवा नियमों में विभिन्न पदों के लिए आवश्यक शैक्षिक योग्यताओं में परिवर्तन का अनुमोदन किया गया। इससे प्रयोगशाला के सभी खण्डों में न्यूनतम शैक्षिक योग्यताओं के अंतर्गत विभिन्न नवीन विषयों एवं पाठ्यक्रमों की डिग्रियों को सम्मिलित करने से विविध क्षेत्रों से अधिक योग्य अभ्यर्थी उपलब्ध हो सकेंगे। बीकानेर जिला मुख्यालय पर मिनी फूड पार्क स्थापित किए जाने के लिए 57.01 बीघा भूमि आवंटित किए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई।

# राजस्थान की माटी से किया जाएगा राहुल का तिलक

**हिलव्यू समाचार**
**जयपुर**। राजस्थान में राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा का स्वागत राजस्थान की माटी से तिलक लगाकर किया जाएगा। इसके लिए प्रदेश एनएसयूआई ने अभियान भी शुरू किया है।

इसके तहत एनएसयूआई के कार्यकर्ता राजस्थान के हर जिले के प्रमुख ऐतिहासिक स्थलों, किसान आंदोलनों, धार्मिक स्थानों की मिट्टी लेकर राहुल गांधी एवं भारत जोड़ो यात्रा में शामिल लोगों को समर्पित करेंगे। इधर, कांग्रेस राजस्थान में राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा को ऐतिहासिक बनाने के लिए विशेष तैयारी कर रही है। कांग्रेस के सभी संगठनों को जिम्मेदारी दी गई है। ब्लॉक और जिला स्तर पर बैठकें कर पदाधिकारियों को यात्रा में अधिकाधिक लोगों को जोड़ने का काम किया दिया जा रहा है। झालावाड़ से प्रवेश करने जा रही यात्रा की और व्यवस्थाओं को लेकर प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा झालावाड़ में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे। साथ ही यात्रा के मार्ग की व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण करेंगे।




### प्रदेश में 521 किलोमीटर की होगी यात्रा

राहुल गांधी की यात्रा दिसंबर के प्रथम सप्ताह में झालावाड़ के पिड़ावा कस्बे से प्रवेश करेगी। राजस्थान में सात जिलों में 521 किलोमीटर की यात्रा 21 दिन में पूरी की जाएगी। कांग्रेस द्वारा यात्रा में प्रतिदिन राजस्थान के 25 हजार लोग शामिल करने की तैयारी की जा रही है। यात्रा के दौरान अलवर के मालाखेड़ा में राहुल गांधी की बड़ी जनसभा होगी। इसको लेकर अलवर में संगठन द्वारा जोर-शोर से तैयारियां की जा रही हैं।

### एनएसयूआई ने गलता तीर्थ से की मिट्टी एकत्र करने की शुरुआत

एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को प्रदेश की राजधानी जयपुर के प्रमुख तीर्थ स्थल गलताजी में पहुंचकर वहां की मिट्टी को एकत्र कर इस कार्यक्रम को शुरू किया। भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) के प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक चौधरी ने बताया कि भारत जोड़ो यात्रा का अभिनंदन प्रत्येक कांग्रेस कार्यकर्ता तथा राजस्थानी अलग- अलग तरीके से कर रहा है। एनएसयूआई इसी कड़ी में प्रदेश के प्रमुख ऐतिहासिक व धार्मिक स्थलों की मिट्टी को एकत्र कर राहुल गांधी को समर्पित करेगी। उन्होंने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य राहुल गांधी को राजस्थान के शौर्य, बलिदान, त्याग, तपस्या से रूबरू करवाना है। राजस्थान के हर जिले के प्रमुख स्थानों की माटी को एकत्र कर राहुल गांधी को समर्पित करेंगे। साथ ही उस मिट्टी से राहुल गांधी तथा भारत जोड़ो यात्रा में शामिल कार्यकर्ताओं का तिलक करेंगे।

**प्रदर्शन:** संविदाकर्मियों का जयपुर में हल्ला बोल

# सीएम से वार्ता हो जाने के बाद ही धरने से उठेंगे

**कुलदीप गुप्ता**
**जयपुर**। प्रदेश के संविदाकर्मियों ने कांग्रेस सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए हल्लाबोल प्रदर्शन किया। संविदा कर्मियों को नियमित करने की मांग के साथ-साथ राज्य सरकार द्वारा संविदा कर्मियों के लिए लाए गए नए नियम कॉन्ट्रैक्चुअल हायरिंग टू सिविल पोस्ट रूल्स 2022 में संशोधन करने की मांग को लेकर गुरुवार को जयपुर के विद्याधर नगर स्टेडियम में बड़ी संख्या में संविदाकर्मी एकजुट हुए।



संयुक्त संविदा मुक्ति मोर्चा पेट भरो आंदोलन नाम से आंदोलन शुरू किया है। दिन भर धरना प्रदर्शन के बाद मुख्यमंत्री से मुलाकात करने के लिए गए प्रतिनिधि मंडल की वार्ता नहीं होने से नाराज संविदा कर्मी देर रात तक धरनास्थल पर ही बैठे रहे।

संयुक्त संविदा मुक्ति मोर्चा के संयोजक शमशेर खान ने बताया कि जब कांग्रेस ने साल 2018 में विधानसभा चुनाव लड़ा था, तब पार्टी ने घोषणा पत्र में संविदा कर्मियों को नियमित करने का वादा किया था। चार वर्ष बीतने के बाद भी सरकार ने वादे को पूरा नहीं किया। साथ ही वाहवाही लूटने के लिए संविदा कर्मियों के लिए नए नियम लाकर धोखा किया जा रहा है।

इस नियम में संविदा कर्मियों की पिछली नौकरी को शून्य मानते हुए अन्य परिलाभों में कटौती कर एक बार फिर संविदा पर ही रखने का निर्णय किया है, जिससे सभी संविदा कर्मियों में भारी रोष है।

### नए नियमों से हो रहा है नुकसान

संविदा कर्मियों का कहना है कि संविदा कर्मचारियों के सर्विस रूल्स बनाए गए, जिसमें विगत 15 वर्षों से कार्यरत कर्मचारियों को किसी भी प्रकार का कोई भी लाभ नहीं दिया जा रहा है। आकस्मिक अवकाश भी 25 से घटाकर 12 कर दिए गए हैं। यही नहीं रूल्स के अनुसार संविदा कर्मियों को न तो दुर्घटना बीमा दिया गया है, न आरजीएचएस में शामिल किया गया है और न ही ओपीएस लागू है। इसी तरह अनुकंपा नियुक्ति, एचआरए, ग्रेच्यूटी आदि का कहीं कोई जिक्र नहीं है। नए नियमों से कार्मिक खुद को ठगा सा महसूस कर रहे हैं। इसके लिए सरकार से इन रूल्स में संशोधन की मांग कर रहे हैं।
**राहुल की यात्रा का विरोध:** संविदा कर्मियों का कहना है कि चार वर्षों तक नियमितीकरण की सरकार से आस लगाए बैठे कार्मिक सड़क पर उतर आए हैं। जयपुर में सभा कर सरकार को जगाने का काम किया है। मुख्यमंत्री से मांग करते है की जल्द से जल्द नियमों में संधोधन करें साथ ही संविदाकर्मियों को वादे के अनुसार नियमित किया जाए। यदि सरकार जल्द हमारी मांगों को पूरा नहीं करती है तो राहुल गांधी की यात्रा का विरोध करेंगे।

# संगठित होकर ओबीसी वर्ग ने मज़बूती से संघर्ष किया,जिससे जीत हुई: हरीश चौधरी



**हिलव्यू समाचार**
**जयपुर**। ओबीसी आरक्षण की विसंगतियां दूर किए जाने के बाद पूर्व कैबिनेट मंत्री व पंजाब कांग्रेस प्रभारी, विधायक हरीश चौधरी शुक्रवार को जयपुर में मीडिया से रूबरू होते हुए कहा कि ओबीसी आरक्षण से जुड़े सभी का धन्यवाद देना चाहता हूँ। यह आरक्षण समिति के संघर्ष की जीत है और प्रदेश के उन तमाम युवाओं के मजबूती से संगठित होकर लड़ाई लड़ी जिसके कारण ही कैबिनेट में फैसला हुआ। चौधरी ने कहा कि वे सरकार, कैबिनेट व सीएम अशोक गहलोत, प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा व सभी पार्टी पदाधिकारियों के साथ ही मीडिया को धन्यवाद देना चाहेंगे जिन्होंने प्रदेश के लाखों युवाओ के इस संघर्ष में सहयोग कर न्याय दिलाया। 29 अक्टूबर को अभ्यर्थी संघर्ष पर उतरे और 30 को सरकार के स्तर पर वार्ता हुई जिसके बाद दो दिन में सभी विभागों से स्वीकृतियां मिल गई, लेकिन उसके बाद तय समय मे कैबिनेट की बैठक नही बुलाना तो एक अफसोस भी हुआ। कई दफे कैबिनेट की बैठक बुलाने का आग्रह किया फिर 8 नवम्बर को कैबिनेट की बैठक बुलाना तय होता है और उस बैठक में किसी मंत्री ने इसका विरोध किया फिर बात बाहर आउट होना यह पूरी तरह से असवैंधानिक थी। चौधरी ने पत्रकार वार्ता में कहा कि आजादी के बाद पहली बार ओबीसी वर्ग ने संगठित होकर अनुशासनात्मक तरीके से संघर्ष किया और कैबिनेट में डेफर होने के बाद भी मैने मजबूती से आवाज को उठाई तो व्यक्तिगत रूप से भी कई लोग मुझसे नाराज भी हुए। उन्होंने कहा कि इस आंदोलन में हर वर्ग ने सहयोग किया, हर स्तर के कर्मचारियों ने पूरे लग्न व ईमानदारी से बेरोजगार युवाओं के संघर्ष में साथ दिया।

**संगठित होकर ओबीसी वर्ग ने संघर्ष किया, जिसके बदौलत जीत मिली:** पत्रकार वार्ता में चौधरी ने कहा कि यह सफर कठिन था और एक महीने में तीन दफे सिंगल एजेंडे के तौर कैबिनेट बुलाने का आग्रह किया गया। 8 को कैबिनेट तय होना और फिर डेफर होना जो फैसला प्रदेश के हित मे नही था। कैबिनेट नही होने से जो देरी हो रही जो प्रदेश के हित मे नही था। इसके साथ ही जिस तरह से इस मामले में राजपूत और जाट का नाम लेकर भ्रम फैलाया यह दुर्भाग्यपूर्ण था, जबकि हमने कभी भी ऐसी बात नहीं की। मुख्यमंत्री ने आज तक जो भी चुनाव लड़ा किसी ना किसी जाति के खिलाफ ही लड़ा है, क्योंकि कोई भी व्यक्ति किसी ना किसी रूप में किसी जाति से जुड़ा होता है। राजस्थान में कोई भी फैसला सौहार्द पूर्ण तरीके से होता है,लेकिन यह फैसला उस भावना के विपरीत हुआ। उन्होंने कहा कि राजस्थान में हक और हित के लिए फैसला होता है तो दूसरा पक्ष विवाद में नहीं बांटा जाता।

UK के डिप्टी हाई कमिश्नर मिले पूनियां से

# कृषि, डेयरी व पर्यटन क्षेत्र के विकास पर बातचीत



**हिलव्यू समाचार**
**जयपुर**। यूके के गुजरात एवं राजस्थान मामलों के डिप्टी हाई कमिश्नर पीटर कुक ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां से उनके जयपुर स्थित निवास पर मुलाकात की। यहां दोनों के बीच राजस्थान के बुनियादी विकास, कृषि, उद्योगों सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। इस दौरान डॉ. पूनियां ने पीटर कुक को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के व्यक्तित्व एवं जनकल्याणकारी योजनाओं पर लिखित लिखित पुस्तक मादी एट 20: ड्रीम्स मीट डिलीवरी भेंट की। डॉ. पूनियां ने पीटर कुक के साथ राजस्थान के विकास को लेकर कृषि, डेयरी, पर्यटन, चिकित्सा, शिक्षा, खनिज, हैंडीक्राफ्ट, खनिज, रोजगार, उद्योग सहित विभिन्न विषयों पर बातचीत की।

भारतीय रेलवे ने फहराया परचम, जीता सोना

# वर्ल्ड रेलवे टेबल टेनिस चैंपियनशिप में भारत ने हर वर्ग में जीता गोल्ड मेडल

**हिलव्यू समाचार**
**जयपुर**। वर्ल्ड रेलवे टेबल टेनिस चैंपियनशिप प्रतियोगिता 2022 में भारतीय खिलाड़ियों ने पुरुष व महिला एकल, मिक्स डबल, डबल्स और टीम प्रतिस्पर्धाओं में जीत हासिल कर भारतीय रेल का परचम फहराया है।

यूएसआईसी वर्ल्ड रेलवे टेबल टेनिस चैंपियनशिप के अंतिम दिन शुक्रवार को महिला और पुरूष एकल मुकाबले के फाइनल में जीत हासिल कर भारतीय रेल ने दोनों खिताब अपने नाम किए। एकल मुकाबले के फाइनल में भारतीय रेल के रोनित भांजा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए भारतीय रेल के ही अनुक्रम जैन को 3-0 से हराया। इसके साथ ही महिला एकल मुकाबले के फाइनल में भारतीय रेलवे की सुतीर्था मुखर्जी ने भारतीय रेल की ही प्राप्ति सेन को 3-0 से पराजित कर एकल खिताब अपने नाम किया। शुक्रवार को भारतीय खिलाड़ियों ने पुरुष व महिला टीम स्पर्धा में प्रथम, पुरुष व महिला वर्ग में युगल, मिश्रित युगल तथा पुरुष व महिला वर्ग के एकल मुकाबले में प्रथम स्थान प्राप्त कर देश व भारतीय रेलवे का नाम रोशन किया।




### 5 देशों की टीमें शामिल

भारत में आयोजित इस चैम्पियनशिप में भारतीय रेल सहित कुल 5 देशों की टीमों ने भाग लिया था। इन पांच देशों में चेक रिपब्लिक, डेनमार्क, फ्रांस, स्विट्जरलैंड एवं भारत प्रमुख हैं। रेलवे की ओर से इन सभी देशों से आए महिला एवं पुरुष खिलाड़ियों ने चैम्पियनशिप की सभी स्पर्धाओं में भाग लिया।

### पुरस्कार वितरण और समापन

पुरस्कार वितरण समारोह उत्तर-पश्चम रेलवे के ऑफिसर्स क्लब में हुआ। महाप्रबंधक विजय शर्मा ने विजेता टीमों को पदक व ट्रॉफी प्रदान की। शर्मा ने खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। अपर महाप्रबंधक गौतम अरोरा, खेलकूद संघ के अध्यक्ष बृजेश कुमार गुप्ता, भारतीय रेलवे खेलकूद प्रमोशन बोर्ड के अधिकारीगण, USIC के प्रतिनिधिगण सहित रेलवे के अधिकारीगणों ने भी खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया।

## भारत ने डबल्स स्पर्धा में भी जीता गोल्ड

21 नवंबर से भारत में चैम्पियनशिप का शुभारम्भ किया गया था। चैम्पियनशिप में शानदान प्रदर्शन करते हुए भारतीय रेल की पुरुष टीम ने डबल्स स्पर्धा में रॉबिन लीग में चेक गणराज्य को 4-0 हराया था और लीग में प्रथम स्थान प्राप्त किया था। महिला टीम ने भी अपने प्रदर्शन को बनाए रखते हुए चेक गणराज्य को 3-0 से हराकर लीग में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस प्रकार भारत ने पुरुष व महिला टीम डबल्स स्पर्धा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। भारतीय पुरुष टीम स्पर्धा में खिलाड़ी रोनित भांजा-पूर्व रेलवे, अनिर्बन घोष-दक्षिण पूर्व रेलवे, अनुक्रम जैन-दक्षिण रेलवे तथा अनिर्बन नंदी-दक्षिण पूर्व रेलवे ने अपने मैच जीते। दूसरी ओर महिला टीम स्पर्धा में सुतीर्था मुखर्जी-दक्षिण पूर्व रेलवे, प्राप्ति सेन-दक्षिण पूर्व रेलवे तथा पोयमंती वैश्य-मैट्रो रेलवे ने भारतीय रेलवे का प्रतिनिधित्व कर अपने मैच में जीत हासिल की।




दुनियाभर में कई देशों में कार्बन बॉर्डर टैक्स की चर्चा है. हाल में इजिप्ट में आयोजित जलवायु परिवर्तन शिखर सम्मेलन कॉप-27 में भारत और चीन समेत बेसिक देशों के समूह ने कार्बन बॉर्डर टैक्स को लेकर आपत्ति जताई है. समूह देशों की ओर से जारी साझा बयान में कहा गया कि कार्बन बॉर्डर टैक्स का असर अंतरराष्ट्रीय कारोबार पर पड़ेगा, इसलिए इसे नजरअंदाज किया जाना चाहिए. बेसिक 4 देशों का वो ग्रुप है जो इंडस्ट्रियल देश के तौर पर विकसित हुए हैं. नवंबर 2009 में इस समूह का गठन हुआ था, जिसमें भारत, ब्राजील, साउथ अफ्रीका और चीन शामिल हैं.

# भारत समेत कई देश कर रहे हैं विरोध

ऐसे देश, जो जलवायु परिवर्तन के नियमों को लागू करने के लिए सख्त नहीं हैं, उन देशों में बने उत्पादों पर आयात शुल्क लगाने की बात कही जा रही है. इसे ही कार्बन बॉर्डर टैक्स कहा गया है. ऐसे देशों पर आयात शुल्क लगने से उनके मुनाफे में कमी आएगी और वहां की अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचेगा. यूरोपियन यूनियन ने इस टैक्स को लागू करने की योजना बनाई है. यूनियन ने इसे उन उत्पादों पर लागू करने का प्लान बनाया है जिनसे कॉर्बन का उत्सर्जन अधिक होता है, जैसे- स्टील, सीमेंट, फर्टिलाइजर, एल्युमिनियम और बिजली उत्पादन. यूरोपियन यूनियन दुनिया का तीसरा बड़ा ट्रेडिंग पार्टनर है. कार्बन बॉर्डर टैक्स लागू होने पर भारतीय उत्पादों की कीमतों में इजाफा होगा. नतीजा, महंगे होने के कारण दुनियाभर में भारतीय उत्पादों की मांग में गिरावट आएगी. यह टैक्स भारतीय उत्पादों के लिए चुनौती को बढ़ाएगा.



## कैलिफोर्निया में लागू

कॉर्बन बॉर्डर टैक्स को लागू करने का लक्ष्य कॉर्बन उत्सर्जन करने वाले देशों को इसे रोकने के लिए एक सख्त संदेश देना बताया गया है. यूरोपियन यूनियन इस टैक्स की वकालत कर रहा है. यूनियन का दावा है कि इस टैक्स का फायदा पर्यावरण को मिलेगा और इस टैक्स का विरोध करना गलत है. यूरोपियन यूनियन के अलावा अमेरिका के कैलिफोर्निया में इस टैक्स को लागू किया गया है. कनाडा और जापान में भी इसे अपनाने की योजना बनाई जा रही है. हालांकि कई देश इस पर आपत्ति जता रहे हैं.

## जबरन दबाव नहीं बना सकते

इस पूरे मामले पर भारत ने अपना रुख साफ करते हुए कहा है कि जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए विकसित देश किसी पर जबरन दबाव नहीं बना सकते. जलवायु परिवर्तन के शिखर सम्मेलन COP-27 में भारत ने कहा है कि सिर्फ कोयला ही नहीं, दूसरे जीवाश्म ईंधन के इस्तेमाल को धीरे-धीरे घटाने की जरूरत है. पेरिस समझौते को ध्यान में रखते हुए देश वो करेंगे, जो वहां के हालातों के हिसाब से ठीक होगा. ऊर्जा के बेहतर सोर्स का इस्तेमाल बढ़ाने का मतलब यह कतई नहीं है कि कॉर्बन का स्तर जीरो करने के लिए देशों को समान स्तर पर करना चाहिए. भारत के लिए इसका मतलब ऐसी रणनीति अपनाना है जो समय के साथ इसके उत्सर्जन को घटा सके.

## मिनी आई

# लैब में तैयार हुई आँख



लैब में हार्ट और ब्लड तैयार करने के बाद वैज्ञानिकों ने अब आंखें विकसित की हैं. इन्हें 'मिनी आई' का नाम दिया गया है. यह पहला मौका है जब वैज्ञानिकों ने 3D मिनी आई तैयार की है, जिसे रेटिनल ऑर्गेनॉय* कहा गया है. इसे बनाने के लिए वैज्ञानिकों ने इंसानों की स्किन का इस्तेमाल किया है. मिनी आई को यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन के वैज्ञानिकों ने विकसित किया है. इस आंख में पुतली भी है और रेटिना में पाए जाने वाले पिगमेंट भी.



रिसर्च के मुताबिक, मिनी आई में मौजूद रॉड सेल्स वैसे ही तैयार की गई हैं जैसे इंसानी आंखों के रेटिना में होती हैं. इंसान की आंख में रॉड सेल्स आंखों के पिछले हिस्से में पाई जाती हैं. इंसान चीजों को देख सके, उसका विजन तैयार करने में यही कोशिकाएं मदद करती हैं. ये इमेज की प्रॉसेसिंग करती हैं, जिससे चीजों को देखना आसान हो पाता है. लैब में तैयार आंखों में भी यही खूबी विकसित की गई है.

## इंसान को होगा फायदा

वैज्ञानिकों का कहना है कि यह एक बड़ी उपलब्धि है, क्योंकि इससे पहले जानवर की कोशिकाओं पर रिसर्च की गई थी लेकिन उम्मीद के मुताबिक परिणाम नहीं मिले थे. अब इंसान की स्किन से तैयार मिनी आई की मदद से कई बातों का पता लगाया जा सकेगा. जैसे- इंसान को दिखना क्यों बंद हो जाता है? अशर सिंड्रोम क्यों होता है जिसमें इंसान के सुनने और देखने की क्षमता दोनों प्रभावित होती हैं? इसके अलावा आंखों से जुड़ी जेनेटिक बीमारियों को समझा जा सकेगा, इसके बाद उनके इलाज का रास्ता साफ हो सकेगा. इस आंख पर की जाने वाली रिसर्च से 50 साल की उम्र के बाद होने वाले मैकुलर डिजेनेरेशन का इलाज ढूंढने में मदद मिलेगी, जिसमें समय के साथ आंखों की रोशनी घटती चली जाती है.

## स्किन सेल्स से बनाया

रिपोर्ट के मुताबिक, मिनी आई को तैयार करने के लिए शोधकर्ताओं ने अशर सिंड्रोम से पीड़ित एक युवा मरीज की स्किन सेल्स को लिया. इससे स्टेम कोशिकाएं तैयार की गईं. इसके बाद लैब में आंखों को विकसित करने की प्रॉसेस शुरू की गई. इसे बनाने का प्रॉसेस बिल्कुल वैसा ही था जैसे गर्भ में 9 महीने तक भ्रूण पलता है. वैज्ञानिकों ने धीरे-धीरे आंख में 7 तरह की कोशिकाएं विकसित कीं. आंख में मौजूद पतली पर्त रोशनी की पहचान कर सकती है. वैज्ञानिकों का कहना है, नई आंख का आकार 1 मिलीमीटर है. इसके जरिए उन दवाओं को खोजा जा सकेगा जो बीमारियों की वजह को ब्लॉक कर सके. इस रिसर्च की मदद से आंखों से जुड़ी बीमारियों का पर्मानेंट इलाज ढूंढने की कोशिश की जाएगी.



भूकंप के झटके महसूस होते ही लोगों में डर से सिहरन दौड़ जाती है, सब कुछ हिलने लगता है. अधिक तीव्रता का भूकंप आने पर इमारतें तक गिर जाती हैं और काफी जान-माल का नुकसान होता है. भूकंप एक भूगर्भीय घटना है, जिसमें धरती की अंदरूनी प्लेटों के खिसकने या टकराने से उच्च-क्षमता की एनर्जी पैदा होती है, जिससे धरती की सतह पर कंपन महसूस किया जाता है.

# धरती पर आते हैं 5 लाख से ज्यादा भूकंप

जब पृथ्वी के अंदर की हलचल के कारण सतह हिलती है तो उसे भूकंप कहा जाता है. भूकंप आने का कारण मुख्य कारण टेक्टोनिक प्लेटों का खिसकना, ज्वालामुखी विस्फोट, परमाणु धमाके और खदानों की खुदाई भी हो सकते हैं. भूकंप की तीव्रता मापने के लिए रिक्टर स्केल का इस्तेमाल किया जाता है. इस यंत्र को रिक्टर मैग्नीट्यूड टेस्ट स्केल भी कहा जाता है. भूकंप की तरंगों को रिक्टर स्केल 1 से 9 तक के आधार पर मापता है. वर्ष 1935 में कैलिफोर्निया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में कार्यरत वैज्ञानिक चार्ल्स रिक्टर ने बेनो गुटेनबर्ग की सहायता से रिक्टर स्केल पैमाने की खोज की थी. कैलिफोर्निया के पार्कफील्ड को 'दी अर्थ क्वेक कैपिटल ऑफ द वर्ल्ड' के नाम से जाना जाता है. बताया जाता है कि पार्कफील्ड ऐसी जगह स्थित है, जहां दो टेक्टोनिक प्लेट आपस में एक-दूसरे से जुड़ती हैं. भूकंप आने के प्रारंभिक बिंदु को 'हाइपो सेंटर' कहा जाता है.



✦ 5 लाख के लगभग भूकंप आते हैं पृथ्वी पर हर साल. इनमें से सिर्फ 1 लाख भूकंप ही महसूस किए जा सकते हैं. 1 लाख भूकंपों में से सिर्फ 100 भूकंप ही ऐसे होते हैं, जो कि विनाशकारी होते हैं.

## रोचक तथ्य

✦ सन 1811 में एक जबरदस्त भूचाल के कारण उत्तरी अमेरिका में बहने वाली मिसिसिपी नदी उल्टी दिशा में बहने लगी थी.
✦ भूकंप के कारण अब तक का सबसे खतरनाक हिमस्खलन वर्ष 1970 में पेरू में हुआ था. इस हिमस्खलन की रफ्तार लगभग 400 किमी प्रति घंटे की थी. इस हिमस्खलन की वजह से पूरा गांव ही तबाह हो गया था और इसमें लगभग 18 हजार लोग मारे गए थे.
✦ 26 दिसंबर, 2004 को इंडोनेशिया में भूकंप से हिन्द महासागर में सुनामी आ गई थी. इसमें लगभग 2 लाख 30 हजार लोगों की जिंदगी चली गई.
✦ भूकंप के कारण अब तक का सबसे खतरनाक लैंडस्लाइड चीन के कान्सू प्रांत में सन 1920 में आया था. लैंडस्लाइड की वजह से लगभग 2 लाख लोग मारे गए थे.
✦ 25 अप्रैल, 2015 को नेपाल में 7.8 की तीव्रता से भूकंप आया था. इसमें 8,857 लोगों की मौत हुई थी.
✦ औसतन भूकंप के झटके 1 मिनट तक महसूस किए जाते हैं.

**पूर्वोत्तर भारत के मणिपुर राज्य में साफ पानी की लोकताक झील है. दक्षिण एशिया में यह ताजे पानी की सबसे बड़ी झील मानी जाती है. चुराचांदपुर जिले में स्थित यह झील अपनी सतह पर तैरती हुई वनस्पति और मिट्टी से बने द्वीपों के लिए ख्यात है.**

इन द्वीपों को 'कुंदी' कहा जाता है. इस झील का कुल क्षेत्रफल करीब 280 वर्ग किमी. है. चुराचांदपुर, मणिपुर का सबसे बड़ा जिला है. झील पर तैरता हुआ सबसे बड़ा द्वीप 'केयबुल लामजाओ' कहलाता है, जिसका क्षेत्रफल करीब 40 वर्ग किमी. है. यह एक विलुप्तप्राय जाति 'संगइ हिरण' का अंतिम घर भी है. भारत सरकार ने इस द्वीप को केयबुल लामजाओ राष्ट्रीय उद्यान के नाम से एक संरक्षित क्षेत्र घोषित किया है जो कि विश्व का एकमात्र तैरता हुआ राष्ट्रीय उद्यान है. लोकताक झील मणिपुर के लिए आर्थिक और सांस्कृतिक महत्त्व रखती है. पेयजल के अतिरिक्त इसका उपयोग विद्युत उत्पादन और सिंचाई के लिए भी होता है.

## लोकताक : तैरता राष्ट्रीय उद्यान






# लंबी हो रही ज़िंदगी

**इंसानों के जीने की उम्र साल दर साल बढ़ रही है. विश्व स्वास्थ्य संगठन का कहना है कि 20 साल पहले तक इंसान औसतन 66.8 साल तक जीता था. साल 2000 से लेकर 2019 तक यह आंकड़ा बढ़कर 73.4 वर्ष तक पहुंच गया है. यानी अब इंसान औसतन 73 साल से अधिक समय तक जी रहा है. इसका असर बढ़ती जनसंख्या के रूप में देखा जा सकता है. संयुक्त राष्ट्र की ओर से जारी हुई हालिया रिपोर्ट में दुनिया की आबादी 800 करोड़ पहुंचने की बात कही गई है.**

**रिपोर्ट कहती है, दुनिया की आबादी को 700 से 800 करोड़ तक पहुंचने में 11 साल का समय लगा. वहीं, 600 से 700 करोड़ तक पहुंचने में 12 साल का समय लगा था. आंकड़े गवाही दे रहे हैं कि कैसे जनसंख्या बढ़ रही है और मौजूदा लोगों की उम्र भी. ऐसे में सवाल उठता है कि पिछले दशकों के मुकाबले लोग अधिक समय तक कैसे जी रहे हैं और उनके जीवन में वो कौन से बदलाव आए जिसने उनके जीने का समय बढ़ा दिया.**

## वैक्सीन से लेकर सीटी स्कैन तक बड़े बदलाव हुए

फोर्ब्स की रिपोर्ट के मुताबिक, हेल्थकेयर सेक्टर और दवाओं के क्षेत्र में हुई नई खोजों के कारण इंसान की उम्र लंबी हो गई. इसकी सबसे बड़ी वजह वैक्सींन्स को बताया गया. एक के बाद एक वैक्सीन तैयार होने के कारण दुनियाभर में बीमारियों के मामले घटे. इसके अलावा एंटीबायोटिक्स का रोल भी अहम रहा. 1940 से इसका इस्तेमाल बैक्टीरियल इंफेक्शन से जुड़े मामलों में किया जा रहा है. रिपोर्ट कहती है, एंटीबायोटिक्स ने दुनियाभर में इंसान का जीवन औसतन 5 से 10 साल तक बढ़ा दिया है. मेडिकल टेक्नोलॉजी में हुए कई बदलाव ने इलाज को आसान बनाया और डॉक्टर्स को मौतों का आंकड़ा घटाने में मदद मिली. जैसे- सीटी स्कैन के कारण लक्षण दिखने से पहले बीमारी को समझने का मौका मिला.

## साफ-सफाई का ट्रेंड बढ़ा, साफ पानी मिलने लगा

दुनियाभर में अब साफ-सफाई को लेकर सतर्कता बरती जा रही है. मॉडर्न प्लंबिंग और सीवर सिस्टम में कई बदलाव हुए. यही वजह है कि पहले के मुकाबले बैक्टीरियल इंफेक्शन में कमी आ रही है और लोगों की उम्र में इजाफा हो रहा है. इतना ही नहीं, पीने के पानी को लेकर भी लोग अलर्ट हैं. घरों में फिल्टर सिस्टम आम सी बात हो गई है. इस तरह दूषित पानी से भी बीमारी होने या मौत का खतरा घटा है. इंसान को सुरक्षित रखने की सुविधाओं में भी इजाफा हुआ है.



## प्लांट बेस्ड डाइट का दायरा बढ़ा

रिपोर्ट के मुताबिक, अब फल, सब्जियां और साबुत अनाज लोगों की लम्बी उम्र की एक वजह बन रहे हैं. 100 साल तक जीने वाले लोगों की डाइट में इनकी मात्रा ज्यादा देखी जा रही है. लोग अब नॉनवेज चीजों से दूरी बना रहे हैं. खाने में शक्कर की मात्रा को घटा रहे हैं. ऐसे खानपान को लाइफ का हिस्सा बना रहे हैं जो दिल की बीमारियों, कैंसर, डायबिटीज और मोटापे को घटाए. ये ऐसे रोग हैं जो समय से पहले इंसान की मौत की वजह बनते हैं.

## बदल रही लाइफस्टाइल, एक्टिव हो रहे लोग

पिछले कुछ दशकों के मुकाबले अब लोगों की लाइफस्टाइल में बदलाव रहा है. वो ऐसी लाइफस्टाइल से बच रहे हैं जो उन्हें नुकसान पहुंचा रही. इसके लिए वो अपने जीवन में बदलाव ला रहे. फिजिकल एक्टिविटी की कमी हाईबीपी, टाइप-2 डायबिटीज, दिल की बीमारियों और कैंसर को बढ़ावा देती है. योग, एक्सरसाइज व बैलेंस डाइट से मौत का खतरा 30 से 35 फीसदी तक घट जाता है. बीमारियों से सबक लेते हुए अब लोगों के बीच खुद को फिट और हेल्दी रखने का चलन बढ़ रहा है. यह ट्रेंड उनके जीवन पर सकारात्मक असर छोड़ रहा है.

## 2022 का वर्ड ऑफ द ईयर

# चर्चा में 'पर्माक्राइसिस'

**हर साल किसी न किसी एक शब्द को वर्ड ऑफ द ईयर चुना जाता है, यानी ऐसा शब्द जो सालभर चर्चा में रहा है. इस साल भी पर्माक्राइसिस (Permacrisis) नाम के शब्द को वर्ल्ड कोलिन्स डिक्शनरी ने 2022 का वर्ड ऑफ द ईयर चुना है. डिक्शनरी के मैनेजिंग डायरेक्टर एलेक्स बीक्राफ्ट का कहना है कि पर्माक्राइसिस टॉप-10 अंग्रेजी के शब्दों की लिस्ट में सबसे ऊपर रहा. इस लिस्ट में कई ऐसे शब्द हैं जो पहली बार शामिल किए गए हैं.**



एलेक्स कहते हैं, ओवरऑल साल 2022 बहुत से लोगों के लिए मुश्किल रहा है. दुनियाभर में कुछ न कुछ ऐसा हुआ है जो परेशान करने वाला रहा है. Permacrisis को दो शब्दों के जरिए समझा सकता है. पहला है- पर्मानेंट यानी स्थायी, दूसरा है क्राइसिस यानी संकट. पर्माक्राइसिस का मतलब है, असुरक्षा और चीजों के स्थायी न होने का समय बढ़ जाना. इसे कुछ उदाहरण से समझ सकते हैं. ब्रेग्जिट, कोविड, रूस-यूक्रेन की जंग, जलवायु परिवर्तन की समस्या, गिरती अर्थव्यवस्था और राजनीतिक अस्थिरता, 2022 में इन सभी का असर बढ़ता हुआ नजर आया. इनके लिए एक शब्द तैयार किया गया है और नाम दिया गया 'पर्माक्राइसिस'. आसान भाषा में समझें तो ऐसी समस्या जो स्थायी तौर पर बनती हुई नजर आ रही है. डिक्शनरी के मुताबिक, पूरे साल जो कुछ भी हुआ, उसके परिणाम अभी भी नजर आ रहे हैं. उसे एक शब्द में समझाने के लिए पर्माक्राइसिस शब्द दिया गया.






## ये शब्द भी शामिल किए गए

पर्माक्राइसिस शब्द के अलावा कुछ ऐसे शब्द भी शामिल किए जो चर्चा में रहे :-

✦ **पार्टी गेट :** महामारी के दौरान ब्रिटेन के पूर्व पीएम जॉनसन के 10, डाउनिंग स्ट्रीट स्थित निवास और आस-पास की इमारतों में एक दर्जन से अधिक सभाएं और पार्टियां हुईं. ऐसा तब हुआ था जब कोविड गाइडलाइन लागू थीं और ब्रिटेन में लोगों के एक-दूसरे से मिलने को लेकर तमाम तरह की पाबंदिया लगाई गई थीं. इसे पार्टी गेट नाम दिया गया.

✦ **कीव :** रूस ने यूक्रेन पर हमला करके यहां की राजधानी कीव पर कब्जा करने की पूरी कोशिश की. राजधानी में जिस तरह यूक्रेन के सैनिकों ने रूसी सेना को रोकने का काम किया, उसके कारण यह लंबे समय तक चर्चा में रही.

✦ **स्पोर्ट्सवॉशिंग :** इस शब्द का प्रयोग वो संस्थान और देश करते हैं जहां खेल से जुड़ी गतिविधियों के जरिए अपना रुतबा बढ़ाने की कोशिश की जाती और ऐसी पॉलिसी को अपनाने से बचते हैं जिनसे प्रदर्शन पर बुरा असर पड़ता है. साल में हुए कई खेल आयोजनों के कारण यह शब्द चर्चा में रहा.



✦ **वॉर्म बैंक :** इस शब्द का इस्तेमाल उस भवन (लाइब्रेरी या पूजा की जगह) के लिए किया जाता है, जिसके दरवाजे सर्दियों में खुलते हैं ताकि घरों को गर्म करने के लिए संघर्ष कर रहे लोगों को ऊर्जा संकट से राहत मिल सके.

# हेडफोन-ईयरबड से 1 अरब युवा हो सकते हैं बहरे

## 43 करोड़ से ज्यादा लोग दुनियाभर में सुनने की अक्षमता से पीड़ित

हेडफोन, ईयरबड के इस्तेमाल तथा तेज संगीत के कारण दुनिया में 1 अरब से ज्यादा युवाओं पर बहरेपन का खतरा मंडरा रहा है. एक नए शोध में यह चेतावनी दी गई. शोधकर्ताओं का कहना है कि बहरेपन की रोकथाम के लिए सरकारों, उद्योगों और समाज की ओर से तत्काल कदम उठाने की जरूरत है. कई युवा हेडफोन लगाकर तेज आवाज में संगीत सुनते हैं. विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के विशेषज्ञों ने भी चेतावनी दी है कि यह आदत भारी पड़ सकती है.

## तेज संगीत से भी खतरा

12 से 35 साल के 19,046 लोगों पर अध्ययन हुआ. शोधकर्ताओं ने कहा कि स्मार्टफोन, हेडफोन, ईयरबड के इस्तेमाल व ऐसी पार्टियों में जाने से भी युवा प्रभावित होते हैं, जहां तेज संगीत बजता है.

## 5 फीसदी आबादी पीड़ित

शोध के मुताबिक सुनने के व्यक्तिगत उपकरणों (पीएलडी) के कारण किशोर व युवा वर्ग की श्रवण शक्ति विशेष रूप से कमजोर हो रही है. अमेरिका के साउथ कैरोलाइना मेडिकल विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं के मुताबिक दुनियाभर में 43 करोड़ से ज्यादा (दुनिया की आबादी का 5%) लोग सुनने की अक्षमता से पीड़ित हैं. यह संख्या 2050 तक 70 करोड़ हो सकती है.

## मान्य स्तर से ज्यादा शोर

साउंड लेवल का मान्य स्तर वयस्कों के लिए 80 और बच्चों के लिए 75 डेसिबल (डीबी) है. शोध में बताया गया कि पीएलडी उपयोगकर्ता अक्सर 105 डीबी की बहुत तेज आवाज सुनते हैं, जबकि मनोरंजन स्थलों पर ध्वनि स्तर 104 से 112 डीबी तक होता है.

# अनोखी खूबियों वाले 'प्राकृतिक अजूबे'

**सात अजूबों की तरह ही 7 प्राकृतिक अजूबे भी हैं. न्यू 7-वंडर्स को चुनने वाली स्विस कंपनी की पहल पर वर्ष 2007 से 2011 तक एक ऑनलाइन सर्वे किया गया, जिसमें दुनियाभर से 1 करोड़ से ज्यादा लोगों ने दुनिया के 440 स्थलों को चुना, इनमें 7 को शॉर्टलिस्ट किया गया.**

## न्यू 7-वंडर्स

### हा लॉन्ग बे, वियतनाम



हा लॉन्ग खाड़ी लगभग 2,000 टापू या मिनी द्वीपों की एक विशाल शृंखला है. इतिहासकार मानते हैं कि हजारों वर्ष पहले यहां इंसानी आबादी थी. अब यह 14 तरह के फूल और 60 प्रजातियों का घर है.



### जेजू द्वीप, द. कोरिया

दक्षिण कोरिया का ज्वालामुखी द्वीप है, जो करीब 20 लाख वर्ष पहले ज्वालामुखी विस्फोट से बना था. इसकी सतह का क्षेत्रफल 1846 वर्ग किमी है. यहां 8 किमी लंबी लावा से बनी गुफा भी है.

### प्यूर्टो प्रिंसेसा, फिलीपींस

फिलीपींस की अंडरग्राउंड प्यूर्टोप्रिंसेसा सबट्रेनियन नदी इसी नाम से बने नेशनल पार्क से होकर निकलती है. यह एक गुंबदाकार गुफा से होकर गुजरती है.





### इग्वाजू फॉल्स, अर्जेंटीना

दक्षिण अमेरिका में इगाजु नदी पर यह झरनों की एक खूबसूरत शृंखला है. ये झरना अर्जेंटीना के मिसिसियन और ब्राजील के पराना प्रांत की सीमा पर है. यह 82 मीटर ऊंचा और 2700 मीटर चौड़ाई में फैला है. यूनेस्को ने 1984 में इसे विश्व धरोहर माना.

### कोमोडो द्वीप, इंडोनेशिया



इंडोनेशिया के कुछ खास द्वीपों में एक है कोमोडो द्वीप. यहां सबसे बड़ी छिपकली यानी कोमोडो ड्रैगन बड़ी संख्या में पाई जाती है, जिसकी वजह से इसका नाम पड़ा. 390 वर्ग किमी क्षेत्रफल वाले इस द्वीप में बड़ी संख्या में खतरनाक रैप्टाइल पाए जाते हैं.

### अमेजन वर्षावन



सात प्राकृतिक अजूबों में अमेजन वर्षावन को सबसे ज्यादा वोट मिले हैं. 67 लाख वर्ग किमी क्षेत्र में फैला यह वर्षावन 9 देशों में फैला है. विश्व के इस सबसे बड़े जंगल में कई मानव, जीव और वनस्पतियों की प्रजातियां हैं

### टेबल माउंटेन, दक्षिण अफ्रीका

दक्षिण अफ्रीका के इस अनोखे पहाड़ का शिखर सपाट है, जो 3 किमी तक फैला है. जब इस पर बादल छाते हैं तो लोग मेजपोश भी कहते हैं. यहां से राजधानी केपटाउन साफ नजर आती है. इसे सरकारी प्रतीक चिह्न के रूप में शामिल किया गया है.



## एक नज़र

### आसियान देशों के रक्षा मंत्रियों की 9वीं बैठक में बोले रक्षा मंत्री

# अंतरराष्ट्रीय और सीमा पार आतंकवाद है सबसे बड़ा खतरा: राजनाथ



एजेंसी
नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को अंतरराष्ट्रीय एवं सीमा पार आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए तत्काल एवं दृढ़ वैश्विक प्रयासों का आह्वान किया। उन्होंने इसे क्षेत्रीय और वैश्विक सुरक्षा के लिए सबसे गंभीर खतरा बताया। रक्षा मंत्री ने सिएम रीप, कंबोडिया में आसियान देशों के रक्षा मंत्रियों की 9वीं बैठक में भाग लिया। सिंह ने कहा कि आतंकवाद एक बड़ा खतरा अब भी बना हुआ है, वहीं कोविड-19 महामारी के बाद सामने आई अन्य सुरक्षा चिंताओं को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है, जिनमें ऊर्जा और खाद्य सुरक्षा की चुनौतियां भी शामिल हैं।

### वैश्विक सुरक्षा के लिए सबसे गंभीर

एडीएमएम प्लस फोरम में अपने संबोधन के दौरान राजनाथ सिंह ने अंतरराष्ट्रीय एवं सीमा पार आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए 'तत्काल और दृढ़ वैश्विक प्रयासों का आह्वान किया तथा इसे क्षेत्रीय और वैश्विक सुरक्षा के लिए सबसे गंभीर खतरा बताया।' उन्होंने कहा कि भारत एक स्वतंत्र, खुले एवं समावेशी हिंद-प्रशांत क्षेत्र की वकालत करता है, सभी देशों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करते हुए विवादों के शांतिपूर्ण समाधान का आह्वान करता है। बयान में सिंह के हवाले से कहा गया है कि इस संदर्भ में, दक्षिण चीन सागर में आचार संहिता पर चल रही आसियान-चीन वार्ता अंतरराष्ट्रीय कानून, विशेष रूप से समुद्र संबंधी संयुक्त राष्ट्र संधि (यूएनसीएलओएस) के साथ पूरी तरह से संगत होनी चाहिए और उन राष्ट्रों के वैध अधिकारों एवं हितों के प्रति पक्षपातपूर्ण नहीं होनी चाहिए जो इन चर्चाओं में शामिल नहीं हैं।

### सकारात्मक इरादे के साथ मिलकर काम करने का आह्वान

रक्षा मंत्री ने कहा कि पिछले कुछ दशकों में वैश्विक सुरक्षा वातावरण मौलिक रूप से बदल गया है, जिसमें आतंकवादी समूह नए दौर की तकनीकों की मदद से विचारधाराओं का प्रचार करने, धन हस्तांतरण और समर्थकों की भर्ती के लिए महाद्वीपों में अंतर्संबंध बना रहे हैं। सिंह ने सभी सदस्य देशों से भावी पीढ़ियों के लिए एक स्थिर, संरक्षित एवं अधिक सुरक्षित दुनिया की दिशा में सकारात्मक इरादे के साथ मिलकर काम करने का आह्वान किया।

### 'समृद्ध हिंद-प्रशांत शांतिपूर्ण समुद्री क्षेत्र पर टिका है'

नई दिल्ली। नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने बुधवार को कहा कि समृद्ध हिंद-प्रशांत शांतिपूर्ण समुद्री क्षेत्र पर टिका है और हिंद-प्रशांत समुद्री पहल (आईपीओआई) के जरिए इसे प्राप्त करने की दिशा में सामूहिक प्रयासों को जोड़ने तथा तालमेल बिठाने की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने यहां हिंद-प्रशांत क्षेत्रीय संवाद (आईपीआरडी) के चौथे संस्करण में अपने संबोधन में यह भी कहा कि समुद्री आतंकवाद और उन्नत प्रौद्योगिकियों के प्रसार ने 'सुरक्षा परिदृश्य को और जटिल कर दिया है।' आईपीआरडी भारतीय नौसेना का एक शीर्ष-स्तरीय अंतरराष्ट्रीय वार्षिक सम्मेलन है जो क्षेत्रीय रूप से प्रासंगिक समुद्री मुद्दों पर विचारों के आदान-प्रदान और विचार-विमर्श को बढ़ावा देने का प्रयास करता है।

### भारत जोड़ो यात्रा: राहुल का भाजपा पर सियासी हमला, कहा-

# आदिवासियों को वनवासी कहने पर माँगे माफ़ी

## यात्रा में पति-बेटे संग शामिल हुईं प्रियंका गांधी, राहुल का बढ़ाया हौसला



**एजेंसी**
**बोरगांव**। कांग्रेस के उत्तर प्रदेश मामलों की प्रभारी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की अगुवाई वाली भारत जोड़ो यात्रा में अपने पति और बेटे के साथ गुरुवार को पहली बार शामिल हुईं। राजस्थान के पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट भी यात्रा में राहुल और प्रियंका के साथ कदमताल करते दिखाई दिए। मध्य प्रदेश में इस यात्रा के दूसरे दिन राहुल ने खंडवा जिले के बोरगांव से पैदल चलना प्रारंभ किया। यात्रा में प्रियंका के साथ उनके पति रॉबर्ट वाड्रा और बेटे रेहान भी पैदल चलते दिखाई दिए। प्रियंका के यात्रा में शामिल होने के बाद कांग्रेस के उत्साहित कार्यकर्ता भाई-बहन के समर्थन में नारेबाजी करते हुए उनके करीब आने की बार-बार कोशिश करते दिखाई दिए। दूसरी ओर राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा के दौरान गुरुवार को राज्य के खंडवा जिले में स्वतंत्रता संग्राम के शहीद क्रांतिकारी टांट्या भील की जन्मस्थली बड़ौदा अहीर में जन सभा को संबोधित किया। उन्होंने भाजपा पर हमले जारी रखते हुए आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ दल आदिवासियों के लिए वनवासी के अपमानजनक संबोधन का इस्तेमाल कर उन्हें अपमानित कर रहा है। मध्य प्रदेश के आदिवासी बहुल क्षेत्रों में यात्रा के दाखिल होने के बीच राहुल ने मांग भी की कि वनवासी शब्द के इस्तेमाल के लिए भाजपा को जनजातीय समुदाय से हाथ जोड़कर माफी मांगनी चाहिए ज्ञात रहे कि यात्रा मध्य प्रदेश में 380 किलोमीटर का फासला तय करने के बाद राजस्थान में प्रवेश करेगी।

### तीर कमान पर आजमाए हाथ

इस बीच, गुरुवार को भारत जोड़ो यात्रा का अलग रंग नजर आया, जब खंडवा जिले में पैदल चलने के दौरान राहुल अचानक रुक गए और आदिवासियों के एक समूह से मुलाकात के बाद उनसे तीर-कमान लेकर तीरंदाजी का लुत्फ लेने लगे। राहुल ने पारंपरिक रूप से सजे धनुष से न केवल खुद तीर चलाए, बल्कि अपने साथ चल रहीं बहन प्रियंका गांधी वाड्रा, जीजा रॉबर्ट वाड्रा और भांजे रेहान के साथ ही दिग्विजय सिंह और अन्य पार्टी नेताओं से भी तीर चलवाए।

### कर्ज माफी का वादा करो तो प्रदेश में फिर बन जाएगी कांग्रेस सरकार

भारत जोड़ो यात्रा गुरुवार सुबह जब मध्य प्रदेश के खंडवा जिले के रुस्तमपुर गांव से गुजरी, तब किसान परिवार से ताल्लुक रखने वाली एक बुजुर्ग महिला ने राहुल को सुझाव दिया कि अगर वह चाहते हैं कि राज्य में सालभर बाद होने वाले विधानसभा चुनावों में कांग्रेस की सरकार बने तो उन्हें किसानों का कर्ज माफ करने की घोषणा कर देनी चाहिए। अनीता महाजन ने राहुल को रासायनिक खाद और रसोई गैस के दाम कम कराने के साथ विधवाओं की सरकारी पेंशन बढ़वाने के प्रयास करने का सुझाव भी दिया। इस घोषणा का किसान मतदाताओं के बीच खासा असर देखा गया था और कांग्रेस 15 साल के लंबे अंतराल के बाद सूबे की सत्ता में लौटी थी।

### गुजरात में चुनाव सभाओं में बोले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी...

# 'पाँच का नहीं, 25 सालों का भाग्य तय करेगा यह चुनाव'

एजेंसी
पालनपुर/मोडासा । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि गुजरात का आगामी विधानसभा चुनाव न तो विधायक और ना ही सरकार चुनने को लेकर है बल्कि यह अगले 25 सालों के लिए राज्य की किस्मत तय करने को लेकर है। चुनावी राज्य गुजरात में मुफ्त बिजली देने के कांग्रेस और आप के वादे के मद्देनजर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि अब समय मुफ्त में बिजली पाने का नहीं बल्कि इससे आय अर्जित करने का है।

प्रधानमंत्री मोदी ने गुरुवार को बनासकांठा जिले के पालनपुर और अरवल्ली जिला स्थित मोडासा में चुनाव सभाओं में कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र और गुजरात की सरकारों ने राज्य में विकास के बहुत सारे काम किए हैं, लेकिन अब समय लंबी छलांग लगाने का है। यह चुनाव कुल मिलाकर अगले 25 सालों के लिए गुजरात का भविष्य तय करने को लेकर है। वह गुजरात को विकसित प्रदेशों की श्रेणी में खड़ा करने के प्रयास कर रहे हैं। आपको मुझे समस्याएं बताने की आवश्यकता नहीं है क्योंकि मैं यहीं पला बढ़ा हूं और मुद्दों को अच्छी तरह समझता हूं। आप तो बनासकांठा जिले की सभी सीटों पर भाजपा की जीत सुनिश्चित करें।



### कांग्रेस का फॉर्मूला बांटो व शासन करो

पीएम मोदी ने अरवल्ली जिला स्थित मोडासा में कांग्रेस को आड़े हाथों लिया और कहा कि वह बांटों और शासन करो के फॉर्मूले पर काम करती है और उसका सत्ता में बने रहने पर ही ध्यान लगा रहता है।

### ये हैं वादों का खेल

आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल न मतदाताओं को मुफ्त बिजली देने के पार्टी के वादे से लुभा रहे हैं। आप ने वादा किया है कि यदि वह सत्ता में आती है दिल्ली और पंजाब की तरह गुजरात के लोगों को भी प्रति महीने 300 यूनिट बिजली मुफ्त दी जाएगी। कांग्रेस ने भी घोषणा पत्र में वादा किया है कि यदि वह सत्ता में आती है तो 300 यूनिट तक बिजली मुफ्त मुहैया कराएगी।

### बिजली बेचकर कमा सकते हैं पैसा

पीएम ने कहा कि मेहसाणा जिले का पूरा मोढेरा गांव छत पर सौर ऊर्जा के जरिए बिजली पैदा कर रहा है। वे अपनी आवश्यकता के अनुसार बिजली का उपयोग करते हैं और अतिरिक्त बिजली सरकार को बेच देते हैं। इस व्यवस्था को पूरे गुजरात में लागू करना चाहता हूं। आप सौर पैनल के जरिए अतिरिक्त बिजली बेचकर पैसे कमा सकते हैं। उन्होंने अरवल्ली जिले के लोगों को याद दिलाया कि एक समय था जब कांग्रेस के राज में खेती के लिए किफायती बिजली मांगने वालों किसानों को पुलिस गोली का शिकार होना पड़ता था।

### चुनाव में हार की आशंका से भाजपा डरी: आप

# सिसोदिया ने लगाया केजरीवाल की हत्या की साज़िश का आरोप

एजेंसी
नई दिल्ली। दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने भाजपा पर गुजरात और दिल्ली नगर निगम चुनाव में हार के डर के चलते मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जान से मारने की साजिश रचने का आरोप लगाने के एक दिन बाद शुक्रवार को इस मामले में जांच की मांग की और कहा कि वह निर्वाचन आयोग के समक्ष भी इस मामले में शिकायत दर्ज कराएंगे। सिसोदिया ने यहां संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि भाजपा नेता मनोज तिवारी ने केजरीवाल के खिलाफ गुरुवार को जिस प्रकार की भाषा का इस्तेमाल किया, वह खुली धमकी है। उनकी भाषा अरविंद केजरीवाल की हत्या के लिए रची जा रही साजिश की ओर इशारा करती है। हम इस धमकी के लिए मनोज तिवारी को गिरफ्तार किए जाने की भी मांग करते हैं।



### निर्वाचन आयुक्त से करेंगे शिकायत

आप के मुख्य प्रवक्ता सौरभ भारद्वाज ने कहा कि दिल्ली पुलिस कर्मियों की मौजूदगी के बावजूद चुनाव से पहले केजरीवाल पर हमले हुए हैं। उन्होंने आरोप लगाया, भाजपा के दो गढ़ गुजरात और एमसीडी में 'आप' पार्टी के आने के डर से भाजपा के सांसद मनोज तिवारी समेत अन्य लोगों ने अरविंद केजरीवाल की हत्या की साजिश रची है।

### केजरीवाल की सुरक्षा की चिंता: तिवारी

मनोज तिवारी ने इन आरोपों के जवाब में कहा कि वह दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। उन्होंने इस आरोप को खारिज किया कि उनकी पार्टी केजरीवाल को मारने की साजिश रच रही है। तिवारी ने कहा, वह हर साल केजरीवाल की जान को खतरा होने का दावा करते हैं। मुझे समझ नहीं आ रहा कि क्या चल रहा है...केजरीवाल दावा कर रहे हैं कि सिसोदिया को गिरफ्तार किया जाएगा, जबकि सिसोदिया केजरीवाल की हत्या की साजिश रचे जाने की बात कर रहे हैं। तिवारी ने कहा, एमसीडी चुनाव में टिकट बेचने के लिए जिस तरह से 'आप' विधायक को उनकी ही पार्टी के कार्यकर्ताओं ने पीटा है, उसे देखकर मुझे केजरीवाल की सुरक्षा की चिंता हो रही है।

### एडीआर की एक रिपोर्ट में खुलासा: पहले चरण के 21% उम्मीदवार 'दागी'

# गुजरात चुनाव: 100 प्रत्याशियों के खिलाफ मर्डर और रेप के गंभीर केस

**एजेंसी**
**अहमदाबाद**। गुजरात विधानसभा के लिए पहले चरण के तहत 89 सीट पर चुनाव हो रहे हैं और कुल 788 उम्मीदवार मैदान में हैं जिनमें 167 प्रत्याशियों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें से 100 उम्मीदवारों के खिलाफ हत्या एवं बलात्कार जैसे गंभीर आरोप हैं।

यह जानकारी गुरुवार को एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की एक रिपोर्ट से मिली। इसके साथ ही 21 प्रतिशत प्रत्याशियों के खिलाफ आपराधिक मामले हैं, जबकि 13 प्रतिशत उम्मीदवारों के खिलाफ गंभीर आरोप हैं। पहले चरण के तहत, आम आदमी पार्टी कुल 89 में से 88 सीट पर चुनाव लड़ रही है और वह इस सूची में सबसे ऊपर है जिसके 36 प्रतिशत उम्मीदवारों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। एडीआर की रिपोर्ट के अनुसार आप के 30 प्रतिशत उम्मीदवार हत्या, बलात्कार, अपहरण जैसे गंभीर आरोपों का सामना कर रहे हैं। आप के 32 उम्मीदवारों के खिलाफ आपराधिक मामले हैं।







### कांग्रेस: 20% प्रत्याशियों पर गंभीर आरोप

अरविंद केजरीवाल नीत पार्टी के बाद दूसरे नंबर पर कांग्रेस है जिसके 35 प्रतिशत उम्मीदवारों के खिलाफ आपराधिक मामले हैं। ऐसे 20 प्रतिशत उम्मीदवारों के खिलाफ गंभीर आरोप हैं। रिपोर्ट के अनुसार कांग्रेस पहले चरण में सभी 89 सीट पर चुनाव लड़ रही है और आपराधिक मामलों वाले उसके उम्मीदवारों की संख्या 31 है।

### ये भी हैं आरोपों के दायरे में

गुजरात विधानसभा के लिए पहले चरण में होने वाले चुनावों में गंभीर आपराधिक मामलों वाले उम्मीदवारों में जनक तलविया (भाजपा), वसंत पटेल (कांग्रेस), अमरदास देसानी (स्वतंत्र) शामिल हैं। आपराधिक रिकॉर्ड वाले अन्य उम्मीदवारों में भाजपा के पुरुषोत्तम सोलंकी, कांग्रेस के गनीबेन ठाकोर और जिग्नेश मेवानी, आप के गोपाल इटालिया और अल्पेश कठेरिया शामिल हैं। वर्ष 2017 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस, भाजपा और बीटीपी ने पहले चरण में क्रमश: 36, 25 और 67 प्रतिशत ऐसे उम्मीदवारों को मैदान में उतारा था, जिनके खिलाफ आपराधिक मामले थे।

### भाजपा के 16 फीसदी उम्मीदवार दागी

सत्तारूढ़ भाजपा भी पहले चरण के चुनाव में सभी सीट पर चुनाव लड़ रही है। भाजपा ने आपराधिक अतीत वाले 14 उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है। प्रतिशत के लिहाज से यह संख्या 16% है। भारतीय ट्राइबल पार्टी पहले चरण में 14 सीट पर चुनाव लड़ रही है और उसके 29 % उम्मीदवारों के खिलाफ आपराधिक मामले हैं। रिपोर्ट के अनुसार 2017 के चुनावों में, पहले चरण के 15 % उम्मीदवारों के खिलाफ आपराधिक मामले थे, जबकि 8 % उम्मीदवारों के खिलाफ गंभीर मामले थे।

### यह कहा था उच्चतम न्यायालय ने

उच्चतम न्यायालय के 25 सितंबर, 2018 के आदेश के अनुपालन में निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार, सभी राजनीतिक दलों के लिए लंबित आपराधिक मामलों और ऐसे उम्मीदवारों के चयन की वजहों की जानकारी अपनी वेबसाइट पर अपलोड करना अनिवार्य है। इसके साथ ही जानकारी को एक स्थानीय और एक राष्ट्रीय दैनिक में प्रकाशित करने एवं आधिकारिक सोशल मीडिया मंच पर अपलोड करने की भी आवश्यकता होती है।

**भारत जोड़ो यात्रा की तैयारी:** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, प्रदेशाध्यक्ष डोटासरा व पायलट सहित नेताओं ने की चर्चा

# सफल होगी यह यात्रा, भाजपा चाहे कितनी भी कोशिश कर ले

**हिलव्यू समाचार**
**जयपुर।** प्रदेश में राहुल की भारत जोड़ो यात्रा की तैयारियों को लेकर बुधवार को यहां कांग्रेस के 'वार रूम' में बैठक हुई। बैठक में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, प्रदेशाध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा, पूर्व मुख्यमंत्री सचिन पायलट सहित अन्य कांग्रेस नेताओं ने प्रदेश में यात्रा की व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने के लिए चर्चा की।

बैठक के बाद कांग्रेस नेताओं ने भारत जोड़ो यात्रा में रुकावट पैदा करने को लेकर भाजपा पर निशाना साधा। डोटासरा ने समिति के सदस्यों से सुझाव आमंत्रित करते हुए कहा कि राहुल गांधी की यात्रा के रूट का जायजा लेने के लिए वे स्वयं शुक्रवार को जाएंगे। उन्होंने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा पहली बार कांग्रेस शासित प्रदेश में निकलेगी तथा प्रदेश में कांग्रेस कार्यकर्ताओं में अपूर्व उत्साह है, जिस कारण यात्रा को लेकर पूरे देश में राजस्थान से अपेक्षाएं अधिक हैं।

### भाजपा पर गड़बड़ी की कोशिश करने का लगाया आरोप

पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने भाजपा पर 'गड़बड़ी' की कोशिश करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा की कोशिश हो सकती है कि यात्रा में बाधा डाले या किसी प्रकार की दुर्भावना पैदा करे, लेकिन जनता बहुत उत्साहित है। सब लोग चाहते हैं कि यात्रा आए और यहां से एक नया आगाज होगा। कांग्रेस पार्टी का भी, चुनावों के लिए भी और प्रदेश की जनता के लिए भी। भाजपा के साथी कितनी भी कोशिश करें, यात्रा सफल होगी, ऐतिहासिक होगी और लाखों लोग रोज इससे जुड़ेंगे। उल्लेखनीय है कि भारत जोड़ो यात्रा के दिसंबर के पहले सप्ताह में राजस्थान पहुंचने का कार्यक्रम है।



### एकजुटता से करेंगे यात्रा का स्वागत

पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने कहा कि भाजपा की नीति हो सकती है लोगों को तोड़ना, लोगों में कड़वाहट पैदा करना। यह यात्रा जोड़ने की है। हम सबको जोड़ना चाहते हैं और राजस्थान में सब एकजुटता से इस यात्रा का स्वागत करेंगे। कांग्रेस नेता ने कहा कि इस यात्रा में राजस्थान पहला राज्य होगा, जहां पर कांग्रेस की सरकार है। यहां पर जब वे आएंगे तो उनका अद्भुत स्वागत होगा और यहां यात्रा ऐतिहासिक रहेगी। लगभग 15 से 18 दिन यात्रा प्रदेश में रहेगी। राजस्थान में तीन दिसंबर से 6 दिसंबर के बीच में यात्रा का आना तय है।

**आवासन संचालक मंडल की बैठक में फैसला**

## हाउसिंग बोर्ड लाएगा स्वतंत्र आवास योजना



**हिलव्यू समाचार**
**जयपुर।** आवासन मंडल जयपुर में प्रताप नगर के राणा सांगा मार्ग स्थित 90 हजार वर्ग मीटर भूमि पर आमजन के लिए स्वतंत्र आवास और मल्टी स्टोरी फ्लैट्स की योजना लाएगा, इसके साथ ही छोटे शहरों में भी 40 हजार आवास बनाने का भी लक्ष्य रखा गया है।

राजस्थान आवासन मण्डल के अध्यक्ष शान्ति कुमार धारीवाल की अध्यक्षता में संचालक मंडल की 248वीं बैठक में यह फैसला हुआ। आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा ने बताया कि प्रताप नगर के सेक्टर-28 में राणा सांगा मार्ग-द्वारकापुरी सर्किल स्थित भूमि पर 135, 112.50 तथा 98 वर्ग मीटर के 167 स्वतंत्र आवास, सेन्ट्रल पार्क, क्लब हाउस बनाने की योजना है। साथ ही 156 व्यावसायिक शोरूम एवं आइकोनिक टॉवर में 4 बीएचके के 56 लग्जरी फ्लैट्स तथा लो-राइज टॉवर में 3 बीएचके के 168 फ्लैट्स, हाई-राइज मल्टी स्टोरी में क्लब हाउस, स्वीमिंग पूल एवं सेन्ट्रल पार्क के साथ 112 तथा 168 फ्लैट्स बनाने की योजना को सैद्धांतिक मंजूरी दी गई। लम्बे समय बाद जयपुर में स्वतंत्र आवास योजना लाई जा रही है।

### छोटे शहरों में मंडल बनाएगा 4 हजार आवास

आवासन आयुक्त ने बताया कि मंडल प्रदेश के विभिन्न छोटे शहरों में करीब 4 हजार नये स्वतंत्र एवं मल्टी स्टोरी फ्लैट्स बनाने की योजना लाने जा रहा है। यह आवास किशनगढ, लाखेरी, धौलपुर, हनुमानगढ, जोधपुर, उदयपुर सहित अन्य नगरीय क्षेत्रों में बनाये जाएंगे।

**इंदिरा गांधी एवं राजीव गांधी की मूर्ति का अनावरण**

# महान नेताओं के जीवन से प्रेरणा लें युवा: मुख्यमंत्री

### 149 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण

**हिलव्यू समाचार**
**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के कार्यकाल में राष्ट्रहित से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण कार्य किए गए। इंदिरा जी ने बैंकों का राष्ट्रीयकरण करने का निर्णय लिया।

उनके कार्यकाल में सेना ने अद्भुत शौर्य का प्रदर्शन कर पाकिस्तान को पराजित किया और बांग्लादेश का निर्माण हुआ। गहलोत ने मंगलवार को चित्तौड़गढ़ में इंदिरा गांधी स्टेडियम एवं इंदिरा गांधी प्रियदर्शिनी ऑडिटोरियम में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी एवं राजीव गांधी उद्यान में राजीव गांधी की प्रतिमाओं का अनावरण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रतिमा अनावरण के बाद यहां आने वाले युवाओं को इन महान नेताओं के जीवन आदर्शों से प्रेरणा लेने का अवसर मिलेगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 149 करोड़ रुपए के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास भी किया।



### OPS लागू करने के निर्णय की देश में सराहना

इंदिरा गांधी प्रियदर्शिनी ऑडिटोरियम में विभिन्न कर्मचारी एवं पेंशनर संगठनों के प्रतिनिधियों को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार के ओपीएस लागू करने के फैसले की आज पूरे देश में सराहना हो रही है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार को पूरे देश में ओपीएस लागू करनी चाहिए। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री बीडी कल्ला, राजस्व मंत्री रामलाल जाट, मंत्री प्रतापसिंह खाचरियावास, सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना, राजस्थान हेरिटेज कंजर्वेशन एवं प्रमोशन ऑथोरिटी के अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह जाड़ावत उपस्थित रहे।

### यूनिवर्सल हैल्थ कवरेज में राजस्थान अव्वल

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मंगलवार को पाली में 19 राजकीय नर्सिंग महाविद्यालयों का शिलान्यास किया। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम में गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के चहुंमुखी विकास के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। इसी क्रम में आज 19 राजकीय नर्सिंग महाविद्यालयों का शिलान्यास किया गया है। इनके निर्माण के बाद महाविद्यालयों से निकलने वाले नर्सिंग विद्यार्थी प्रदेश में बेहतर सेवाएं देंगे। गहलोत ने कहा कि हमारी सरकार ने पाली-जोधपुर क्षेत्र को हमेशा महत्व दिया है। इन दोनों शहरों को 'ट्विन सिटीज' के रूप में विकसित करने का भी लंबे समय से प्रयास रहा है।

### जम्बूरी की तैयारियों का लिया जायजा

मुख्यमंत्री ने रोहट तहसील के निम्बली गांव पहुंचकर 18वीं राष्ट्रीय भारत स्काउट-गाइड जम्बूरी की तैयारियों का जायजा लिया। गहलोत ने कहा कि इस आयोजन में देश-विदेश से लगभग 35 हजार प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। जम्बूरी का आयोजन 4 से 10 जनवरी, 2023 को प्रस्तावित है। जम्बूरी के लिए तैयार की जा रही संरचनाओं की जानकारी दी।

## आरसीए चुनाव का रास्ता साफ, जल्द होगी नई तारीख की घोषणा




**हिलव्यू समाचार**
**जयपुर।** राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के चुनाव कराने की रोक की याचिका को हाईकोर्ट ने खारिज करते हुए नए सिरे से चुनाव कराने के आदेश जारी दिए हैं। हाईकोर्ट ने सुनवाई करते हुए चार जिला क्रिकेट एसोसिएशन और उनके सेक्रेट्री की रिट याचिका को खारिज किया है। हाईकोर्ट ने चुनाव अधिकारी रामलुभाया की नियुक्ति को गलत मानते हुए चुनावों पर रोक लगाई थी। इसके बाद मंगलवार को हाईकोर्ट में जस्टिस इंद्रजीत सिंह की एकलपीठ में सुनवाई के दौरान आरसीए की ओर से जवाब पेश किया गया, जिसमें कहा गया कि चुनावों के लिए नया चुनाव अधिकारी लगा दिया गया है। रिटायर्ड आईएएस अधिकारी सुनील अरोड़ा को चुनाव अधिकारी बनाया गया है। साथ ही रामलुभाया इस्तीफा दे चुके हैं। कोर्ट को बताया कि जिला संघों ने याचिका में चुनाव अधिकारी की नियुक्ति को ही चुनौती दी थी। इस पर कोर्ट ने याचिका का निस्तारण कर दिया। अब आरसीए चुनाव की नई तारीखों की घोषणा कार्यकारिणी में होगी और नए चुनाव अधिकारी ही पूरी चुनाव के प्रक्रिया संपन्न करवाएंगे।

### RCA चुनाव कराने के लिए अब स्वतंत्र

हाईकोर्ट में आरसीए की ओर से प्रतीक कासलीवाल और याचिकाकर्ताओं की ओर से अभिनव शर्मा ने पैरवी की। सुनवाई में कोर्ट को बताया गया नए चुनाव अधिकारी भारत के चीफ इलेक्शन कमिश्नर रह चुके हैं। कोर्ट ने कहा कि इस लाइट में हम रिट याचिका का डिस्पोजल कर रहे हैं। अब आरसीए चुनाव कराने के लिए पूरी तरह स्वतंत्र है।

### चुनाव से एक दिन पहले लगाई थी रोक

गौरतलब है कि 30 सितंबर को आरसीए के चुनाव होने थे। चुनाव से पहले राजस्थान हाईकोर्ट में नागौर, श्रीगंगानगर, दौसा और अलवर क्रिकेट जिला संघों ने याचिका दायर की थी। इसमें चुनाव अधिकारी की नियुक्ति पर आपत्ति जताई गई। इस पर चुनाव से ठीक एक दिन पहले 29 सितंबर को अदालत ने चुनावों पर रोक लगा दी थी।

**लोकार्पण: स्वास्थ्य मंत्री ने नई सुविधाएं की जनता को समर्पित**

# महिला चिकित्सालय में नई ICU विंग, HDU, लेबर रूम

**हिलव्यू समाचार**
**जयपुर।** राजधानी के सांगानेरी गेट महिला अस्पताल में अब मरीजों को और बेहतर चिकित्सा सुविधाएं मिलेंगी। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा ने चिकित्सालय में नवनिर्मित आईसीयू, एचडीयू एवं लेबर रूम का फीता काटकर बुधवार को शुभारम्भ किया। इस अवसर पर खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री प्रतापसिंह खाचरियावास एवं आदर्श नगर विधायक रफीक खान भी उपस्थित रहे। उद्घाटन कार्यक्रम में मंत्री परसादी लाल मीणा ने कहा कि राजस्थान का यूनिवर्सल हेल्थ केयर मॉडल देश के साथ विदेश में भी बेहतरीन मॉडल के तौर पर अपनी पहचान स्थापित कर रहा है। इसके लिए राज्य सरकार हर संभव प्रयास कर रही है। महिला चिकित्सालय में 12 बैड के नईआईसीयू विंग की सुविधा आमजन को मिलेगी। इससे अस्पताल में प्रसूताओं के लिए कुल आईसीयू बैडों की संख्या 36 हो जाएगी। इसके साथ ही 8 बैड के एचडीयू विंग का निर्माण होने से ऐसी प्रसूताओं को विशेष सुविधा मिलेगी, जिन्हें आईसीयू से तो शिफ्ट कर दिया गया है। इसके साथ ही 5 बैड का नया सेप्टिक लेबर रूम गंभीर प्रसूताओं के लिए डेडिकेटेड होगा।

### विशिष्ट पहचान है राजस्थान मॉडल की

मंत्री प्रतापसिंह खाचरियावास ने कहा कि राजस्थान का यूनिवर्सल हेल्थ केयर मॉडल भारत में ही नहीं वरन विश्व में अपनी विशिष्ट पहचान रखता है और राजस्थान एक मॉडल स्टेट के तौर पर अपनी पहचान स्थापित कर रहा है। चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना आमजन के लिए संजीवनी साबित हो रही है। इस दौरान एसएमएस मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राजीव बगरहट्टा, अधीक्षक महिला चिकित्सालय, सांगानेरी गेट डॉ. आशा वर्मा एवं सीनियर प्रोफसर डॉ. गोवर्धन मीणा सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।



**मंत्री ने दी क्लीन चिट:** तीन दिन पूर्व सांगानेरी गेट महिला चिकित्सालय में नवजात के शव मुंह में लिए घूम रहे कुत्ते के मामले को लेकर चिकित्सा मंत्री परसादी लाल ने क्लीनचिट देते हुए कहा कि नवजात महिला अस्पताल से नहीं था। उन्होंने कहा की महिला अस्पताल में आने वाले मरीजों और प्रसूताओं के बच्चे के बारे में जानकारी ले ली है। शव महिला अस्तपाल से जुड़ा हुआ नहीं है, जितनी डिलीवरी हुई उनसे सुप्रिडेंट ने फोन करके पूछा है। निश्चित रूप से बाहर से आया होगा।

### केंद्र सरकार की आयुष्मान भारत से हॉस्पिटल अलग हो गए

चिकित्सा मंत्री ने सरकार की चिरंजीवी योजना को देश की सबसे अच्छी मेडिकल पॉलिसी स्कीम बताया। उन्होंने कहा कि केन्द्र की आयुष्मान भारत योजना में अब मरीजों को कोई सुविधा नहीं मिल रही। पिछले दिनों पीएम नरेन्द्र मोदी गुजरात की एक सभा में इस योजना को लेकर भाषण दे रहे थे, लेकिन हकीकत यह है कि इस योजना में जो हॉस्पिटल पहले जुड़े थे वे अब खुद को अलग कर चुके हैं। फिर चाहे उनका खुद का प्रदेश गुजरात हो या कोई दूसरा राज्य। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत में मरीजों को 5 लाख रुपए तक का बीमा कवर हो रहा है, जिसका लाभ नहीं मिल रहा, लेकिन हमारे यहां चिरंजीवी में 10 लाख रुपए तक का इलाज कवर हो रहा है। अगर किसी गंभीर बीमारी वाले मरीज को ज्यादा पैसों की जरूरत है तो सरकार ने उसके लिए 20 लाख रुपए तक का प्रावधान कर रखा है।

## बांसवाड़ा, राजसमंद, उदयपुर और बाड़मेर में शुरू होगी खनिजों की खोज



**जयपुर।** राजस्थान में गोल्ड, आरईई, एमरल्ड व फास्फेट के संभावित भण्डारों की खोज के साथ ही नीलामी प्रक्रिया शुरू कर जल्द खनिज निकालने का काम किया जाएगा। इसके लिए बांसवाड़ा-नाथद्वारा बेल्ट, राजसमंद बेल्ट, बाड़मेर और उदयपुर बेल्ट में आरएसएमईटी के वित्तीय सहयोग से खनिज खोज का व्यापक एक्सप्लोरेशन कार्यक्रम चलाया जाएगा। अतिरिक्त मुख्य सचिव माइंस, पेट्रोलियम एवं जलदाय डॉ. सुबोध अग्रवाल ने मंगलवार को बैठक में अधिकारियों को बताया किआरंभिक सर्वेक्षणों के अनुसार बांसवाड़ा-नाथद्वारा बेल्ट में खनिज गोल्ड (सोने) के भण्डार संभावित हैं। वहीं राजसमंद बेल्ट में खनिज एमरल्ड, बाड़मेर बेल्ट में खनिज रेयर अर्थ एलिमेंट्स और उदयपुर में खनिज फास्फेट के भण्डार चिन्हित किए गए हैं।

**खनिज ब्लॉक की नीलामी से प्रदेश में बढ़ेंगे रोजगार के अवसर:** एसीएस सुबोध अग्रवाल ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा गठित राजस्थान राज्य खनिज अन्वेषण ट्रस्ट के सहयोग से प्रदेश में खनिजों की आधुनिकतम तकनीक और वैज्ञानिक तरीके से खोज व खनन कार्य से सकारात्मक परिणाम प्राप्त आने लगे हैं। आरएसएमईटी के सहयोग से एक्सटेंसिव एक्सप्लोरेशन कार्यक्रम चलाने का निर्णय किया गया है ताकि इन क्षेत्रों में खनिजों के भण्डार की उपलब्धता, गुणवत्ता आदि का आकलन किया जा सके।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, एवं मुद्रक शालिनी श्रीवास्तव के लिए अम्बर ऑफसेट प्राइवेट लिमिटेड, डी.एल. टॉवर, 3-ए, विद्याश्रम संस्थानिक क्षेत्र, जेएलएन मार्ग, जयपुर में मुद्रित एवं प्लॉट नंबर C-2,अर्शिया रेजिडेंसी, फ्लैट नंबर 201,आदर्श नगर,राजा पार्क जयपुर-302004 (राजस्थान) से प्रकाशित।
**संपादक :** शालिनी श्रीवास्तव **सह-संपादक:** हरीश श्रीवास्तव, छबड़ा बारां **सह-संपादक :** कुलदीप गुप्ता, जयपुर मो.: 9460678701, 7976561127 (21 जून 2014 से निरन्तर प्रकाशित) hillviewsamachar@gmail.com (राजस्थान सरकार से विज्ञापन हेतु स्वीकृत)